हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 284, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 8 अप्रैल, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनाएं पीएम आजमगढ़ में अमित शाह ने फूंका चुनावी बिगुल

### जनसभा में विपक्ष पर जमकर बरसे गहमंत्री, बोले- यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो



आजमगढ़। वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आजमगढ़ समेत यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है। ये आह्वान गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में किया। इसके साथ ही उन्होंने आजमगढ़ से पूर्वांचल में चुनावी बिगुल फूंक दिया। नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि मैं पहले भी कई बार आजमगढ़ आ चुका हूं। पहले यहां पर रात में बिजली नहीं रहती थी। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो। अमित शाह ने आजमगढ़ के बारे में बोलते हुए कहा कि कभी संगीत के लिए मशहूर इस शहर को सपा-बसपा ने बदनाम करने का काम किया है। यूपी में बीजेपी की सरकार से संगीत महाविद्यालय की शुरूआत करके वापस उस गौरव को दिलाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहता हूं। जिस आजमगढ़ को पूरे देश में आतंक के केंद्र के रूप में जाना जाता था। आज ह्यहरिहर घरानेह्ण को सम्मान देने के काम किया गया है। उनके सम्मान में संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का काम यहां हुआ है।

**यूपी में अब नहीं होता दंगा**- विरोधियों पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि सपा और बसपा ने अपने कार्यकाल में आजगमढ़ की छवि खराब करने का काम किया था। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आजमगढ़ को वापस उसका सम्मान मिला है। सपा और बसपा के कार्यकाल में यूपी की पहचान दंगा के लिए होती थी। लेकिन जब से यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है। उन्होंने एक भी दंगा नहीं होने दिया। उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। आजमगढ़ विकास की नई पहचान बना है। आजमगढ़ कभी अपने संगीत के लिए जाना जाता था, आज संगीत को सम्मान देते हुए इस महाविद्यालय का शिलान्यास हुआ है। जिसके नाम में ही हरि और हर वह अपने आप में संपूर्ण होता है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने नामदारपुर में 4583 करोड़ की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**विकास के रास्ते पर उत्तर प्रदेश**- जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता सेनानियों और साहित्यकारों की इस धरती पर मैं गृहमंत्री अमित शाह की स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में एक नया आयाम पेश किया है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। जब वे बाहर जाते थे तो अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होते थे। कारण यह था कि नाम बताने पर होटल में कमरे नहीं मिलते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पीएम मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के सपने को साकार किया है। अजमगढ़ की पहचान बदली है। हमने कभी यहां का विकास नहीं रुकने दिया।

## गरीब कैदियों को केंद्र सरकार का तोहफा, रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की विशेष योजना होगी शुरू



नई दिल्ली। देश के विभिन्न जेलों में कैदियों की भीड़ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कैदियों की संख्या घटाने की उम्मीद के तहत केंद्र सरकार ने जेलों में बंद गरीब लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष योजना शुरू करने का फैसला किया है। केंद्र ने यह फैसला इसलिए किया है, क्योंकि वे लोग (गरीब कैदी) जुमार्ना या जमानत राशि वहन करने में असमर्थ हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "इससे गरीब कैदी, जिनमें से अधिकांश सामाजिक रूप से वंचित या निम्न शिक्षा और आय स्तर वाले हाशिए के समूहों से संबंधित हैं, जेल से बाहर निकल सकेंगे।" बयान में कहा गया कि गरीब कैदियों के लिए सहायता योजना की व्यापक रूपरेखा को हितधारकों के परामर्श से अंतिम रूप दिया गया है।

बयान के मुताबिक, योजना का लाभ गरीब कैदियों तक पहुंचे, इसके लिए तकनीक आधारित समाधान तैयार किए जाएंगे, ई-प्रिजन प्लेटफॉर्म को मजबूत किया जाएगा और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा हितधारकों को संवेदनशील बनाया जाएगा और क्षमता पर जोर दिया जाएगा।

बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल अपने बजट भाषण में उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की थी, जो अपने दंड या जमानत राशि को वहन करने में असमर्थ हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की समस्या के समाधान के लिए कई कदम उठा रही है। इसके तहत, घोषणाओं में से एक है 'गरीब कैदियों के लिए समर्थन'। अन्य कदमों में आपराधिक प्रक्रिया संहिता में धारा 436ए को शामिल करना और सीआरपीसी में एक नया अध्याय क्अ 'प्ली बारगेनिंग' शामिल करना शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से गरीब कैदियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा, "आगे यह सुनिश्चित करने के लिए कि बजट का लाभ समाज के सभी इच्छित वर्गों तक पहुंचे, बजट की प्राथमिकताओं में से एक, मार्गदर्शक 'सप्तऋषि' अंतिम मील तक पहुंच रहे हैं।" बयान में कहा गया है कि जेल आपराधिक न्याय प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और कानून के शासन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और गृह मंत्रालय समय-समय पर जारी विभिन्न परामर्शों के माध्यम से राज्य सरकारों के साथ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश साझा करता रहा है। मंत्रालय ने कहा कि जेलों में सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने और आधुनिक बनाने के लिए मंत्रालय राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रहा है।

## तालिबानी सजाः युवक को पेड़ से लटकाकर नीचे से लगाई आग, वो चीखता रहा..., मंजर देख कांप गए लोग



फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में कुर्सी चोरी के आरोप में गांव के ही युवक को पकड़ कर ग्राम प्रधान ने परिजन के साथ युवक को पेड़ से बांधकर नीचे आग जलाकर उसे तालिबानी सजा दी। जब इसका वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर प्रधान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को प्रधान के भाई को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया। दिवायची निवासी मुकेश कुमार ने तीन अप्रैल को थाने में तहरीर दी थी कि ग्राम प्रधान विष्णु दयाल ने अपने भाई, पुत्र और पत्नी सहित उस पर चोरी का आरोप लगा कर गांव के बाहर पेड़ पर लटका दिया और नीचे आग लगा कर जान से मारने का प्रयास किया। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया और मुकदमा दर्ज कर आरोपी ग्राम प्रधान विष्णु दयाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना 28 मार्च दोपहर एक बजे की बताई गई है। गांव दिवाइची के प्रधान विष्णु दयाल के घर से कुर्सी चोरी हो गई थी। चोरी का शक मजदूरी करने वाले मुकेश कुमार पर था। इसलिए प्रधान ने और उसके घरवालों ने मुकेश को उसके घर से पकड़ लिया। उसको पीटते हुए गांव के बाहर बरगद के पेड़ के पास ले गए। आरोप है कि प्रधान और उसके साथियों ने यहां बुरी तरह पीटा। मुकेश लगातार चोरी से इन्कार करता रहा तो उसके हाथ बांधकर पेड़ से लटका दिया। इसके बाद भी जब उसने चोरी नहीं स्वीकारी तो पेड़ के नीचे लकड़ियां रखकर आग लगा दी। यह घटनाक्रम लगभग दो घंटे तक चला। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर प्रधान के भाई पोखपाल निवासी दिवाइची को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्र ने बताया कि शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## माफिया अतीक अहमद और उसके बेटे पर कसेगा शिकंजा अपहरण और रंगदारी के एक और मामले में आरोप तय

लखनऊ। लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफि या अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गए हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। इस पर अभी अतीक और उसके बेटे की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अतीक की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है। गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2018 को कारोबारी मोहित जायसवाल ने कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि देवरिया जेल में बंद अतीक अहमद ने गुर्गों के जरिये गोमती नगर स्थित ऑफिस से उसका अपहरण करवाया था। इसके बाद अतीक ने जेल में उसके साथ मारपीट की तथा सादे पन्ने पर दस्तखत करने को कहा था। इनकार पर अतीक, उसके बेटे उमर तथा गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान ने तमंचे-रॉड और पट्टे से उसे पीटा था। इसके बाद जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बनवाकर 45 करोड़ की संपत्ति अपने नाम करा ली थी।

**अतीक पर दर्ज हो चुके हैं 101 मुकदमे**- अतीक के खिलाफ कुल 101 मुकदमे दर्ज हुए। वर्तमान में कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं, जिनमें एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। उस पर पहला मुकदमा 1979 में दर्ज हुआ था। इसके बाद जुर्म की दुनिया में अतीक ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हत्या, लूट, रंगदारी अपहरण के न जाने कितने मुकदमे उसके खिलाफ दर्ज होते रहे। मुकदमों के साथ ही उसका राजनीतिक रुतबा भी बढ़ता गया। 1989 में वह पहली बार विधायक हुआ तो जुर्म की दुनिया में उसका दखल कई जिलों तक हो गया। 1992 में पहली बार उसके गैंग को आईएस 227 के रूप में सूचीबद्ध करते हुए पुलिस ने अतीक को इस गिरोह का सरगना घोषित कर दिया। 1993 में लखनऊ में गेस्ट हाउस कांड ने अतीक को काफी कुख्यात किया। गैंगस्टर एक्ट के साथ ही उसके खिलाफ कई बार गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की गई।

## 'कोरोना वायरस को लेकर तैयार रहें राज्य सरकारें' केंद्र सरकार ने जारी की गाइडलाइंस

नई दिल्ली। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते केंद्र सरकार भी अलर्ट मोड पर है। केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्यों के लिए गाइडलाइंस जारी हुई हैं। दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार दोपहर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की। वर्चुअली तरीके से हुई इस बैठक में कोरोना को लेकर समीक्षा की गई। बैठक के बाद राज्य सरकारों के लिए गाइडलाइंस जारी हुई हैं।





**अलर्ट रहें राज्य सरकारें**- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को सतर्क रहने और कोविड-19 प्रबंधन के लिए पूरी तैयारी रखने की सलाह दी है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से 10 और 11 अप्रैल को सभी अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को लेकर मॉक ड्रिल करने को कहा है। इसके अलावा 8 और 9 अप्रैल को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने का आग्रह भी किया है।

**पुडुचेरी में मास्क लगाना अनिवार्य**- वहीं, पुडुचेरी में मास्क पहनना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिला कलेक्टर ई वल्लवन ने बताया कि प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों पर, बीच रोड, पार्कों और थिएटरों में मास्क पहनना अब जरूरी होगा। इसके अलावा अस्पताल, होटल, बार, रेस्टोरेंट, शराब की दुकान, आतिथ्य एवं मनोरंजन क्षेत्र, सरकारी कार्यालय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनना होगा।

**चार दिन में डबल हुए कोरोना के मरीज**- देश में चार दिनों में ही कोरोना के मामले दोगुना हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के कुल 6,050 नए केस मिले हैं। इसके अलावा एक्टिव मरीजों की संख्या अब 28,303 हो गई है।

**24 घंटे में 14 मरीजों की मौत**- मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान 14 मरीजों की जान भी गई है। मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5 लाख 30 हजार 943 हो गया है। महाराष्ट्र में तीन, कर्नाटक और राजस्थान में दो-दो, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हुई है।

## देश के खिलाफ जहर उगलने वाले संस्थानों को धनखड़ ने आड़े हाथों लिया, कहा- विश्व में भारत की आवाज बुलंदी पर



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को देश के खिलाफ जहर उगलने वाले विदेशी संस्थानों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा,"कुछ विदेशी संस्थाएं हमें ज्ञान देती है कि हमारा भारत कैसा है।" वो हमें बताते हैं कि हमारी जमीन कैसी है, जिसकी जानकारी हमे है। जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि दरअसल, ऐसे संस्थानों का उद्देश्य भारत की उभरती गति पर अंकुश लगानाल है। अमेरिका में भी ऐसे संस्थान हैं। हालांकि, चिंताजनक तीन बाते हैं। उन संस्थानों पर जो पीठ कायम होती है। वहां पर हमारे देश के अरबपति, उद्योगपति करोड़ों देते हैं। मैं नहीं कहता कि उनकी नियत खराब है पर शायद यह बात उनकी ध्यान से उतर गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दान दिए जाने वाले करोड़ों के योगदान की वजह से वहां अपने ही यानी देश के कुछ लोग इस प्रकार के कार्यक्रम की रचना करते हैं, जो भारत को धूमिल करते हैं। उन संस्थानों में अनेक देशों के शिक्षक और विद्यार्थी हैं पर ये अनुचित कार्य हमारे ही देश के लोग क्यों करते हैं। यह सोच का विषय हैं। हालांकि, अब भारत पर इस बात का असर नहीं होता है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि दुनिया में भारत की आवाज उतनी बुलंदी है पर जिसकी परिकल्पना स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी।

## भोजपुरी गायक समर सिंह गिरफ्तारः आकांक्षा दुबे मौत मामले में है आरोपी, वाराणसी लेकर आएगी पुलिस



वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। मेडिकल के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। गाजियाबाद कोर्ट ने समर सिंह को वाराणसी पुलिस को ट्रांजिट रिमांड पर दिया है। पुलिस अब समर को लेकर वाराणसी रवाना होगी। समर सिंह गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित चार्म्स क्रिस्टल सोसायटी में छुपा हुआ था। पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिए वह गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और उत्तराखंड में ठिकाने बदल-बदल कर रह रहा था। गाजियाबाद पुलिस के डीसीपी निपुण अग्रवाल के अनुसार, गुरुवार को वाराणसी के सारनाथ थाने की पुलिस यहां आई थी। आकांक्षा दुबे मामले में हमसे मदद मांगी थी। शुक्रवार सुबह नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित गांव मोरटा के नजदीक सोसायटी से समर सिंह को गिरफ्तार कर नंदग्राम थाना लाया गया। मेडिकल मुआयना के बाद पुलिस ने समर को ट्रांजिट रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ अदालत ने गुरुवार को गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ कुर्की का वारंट प्राप्त करने के लिए अदालत में कमिश्नरेट की पुलिस की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें आरोपी गायक समर सिंह का गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं पुलिस दूसरे आरोपी संजय सिंह की तलाश में जुटी है। आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में 27 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था। मुंबई से आई आकांक्षा की मां की तहरीर पर यह कार्रवाई हुई। सारनाथ थाने में आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने आरोप था कि हमेशा खुश रहने वाली मेरी साहसी बिटिया को समर सिंह की काली नजर लग गई। समर सिंह ने मेरी बेटी की जिंदगी बर्बाद कर दी। वह आकांक्षा से इतनी बेरहमी से पेश आता था कि ऐसा दुश्मन भी नहीं करते हैं।

## कर्नाटकः यादगीर में भिड़े बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता, हिरासत में 18 लोग; धारा 144 लागू

बेंगलुरु। कर्नाटक के यादगीर में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच हिंसक झड़प हुई है। झड़प के बाद इलाके में धारा 144 लगा दी गई है। वहीं, पुलिस ने चार आरोपियों को खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके अलावा 18 संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है। यादगीर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ सीबी वेद मूर्ति ने शुक्रवार को कहा कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है।

इलाके में फिलहाल शांति है। उन्होंने बताया कि केएसआरपी के तीन प्लाटून, एक अर्धसैनिक बल कंपनी, दो डीएसपी, 100 पुलिस कांस्टेबल, पांच सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर और पीएसआई को तैनात किया गया है।"

उन्होंने बताया कि एहतियात के लिए सुरपुरा में 8 अप्रैल तक कर्फ्यू के आदेश दिए गए हैं। हिंसा में 120 लोगों की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए राजा कृष्णप्पा नायक और शांता गौड़ा चन्नपट्टना एक जुलूस निकाल रहे थे। जुलूस कोडेकल गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां धार्मिक मेला लगा हुआ था। जुलूस निकाले जाने के दौरान कुछ लोगों के बीच कहासुनी हो गई। बहस के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया और हिंसा भड़क गई।

**हिंसा में हुई पत्थरबाजी, कई वाहन क्षतिग्रस्त**- कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। पथराव में 10 से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को पुलिस थाने के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उन पर पथराव किया और मारपीट की।

## संपादकीय

# बेबसी के मारे

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की जिंदगी अब भी किसी जुए से कम नहीं। दो वक्त की रोटी के लिए उन्हें न जाने कहां-कहां भटकना पड़ता है, फिर भी निश्चिंतता कहीं नहीं कि बदहाली से उन्हें मुक्ति मिलेगी ही। ओड़ीशा के कालाहांडी के तीन मजदूरों की कहानी इसकी ताजा कड़ी है। वे इस आस में बंगलुरु गए थे कि वहां मेहनत करके कुछ पैसे कमाएंगे और अपने परिवार का पेट भर पाएंगे। मगर उन्हें लौटना पड़ा खाली हाथ। जिस व्यक्ति ने उन्हें काम पर लगाया था, मजदूरी मांगने पर वह उन्हें मारता-पीटता था। दो महीने काम करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिली और जिल्लत मिलती रही, तो उन्होंने घर वापसी का फैसला किया। हाथ में पैसे नहीं थे, खाने को कुछ था नहीं। वे बंगलुरु से खाली हाथ चल पड़े अपने गांव और सात दिन लगातार चलते हुए भूखे-प्यासे अपने घर पहुंचे। इन मजदूरों की कहानी इसलिए लोगों के सामने आ सकी कि वे पैदल चलते हुए घर पहुंचे। वरना इन जैसे न जाने कितने मजदूर ऐसे हैं, तो हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद भी मजदूरी को हाथ पसारते-पसारते थक जाते हैं और जिल्लत उठाने को मजबूर होते हैं। इनकी सुनवाई कहीं नहीं होती। संगठित और सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की कमी और पढ़े-लिखे बेरोजगारों का आंकड़ा तो समय-समय पर सामने आता रहता है, मगर हमारे देश में लाखों ऐसे मजदूरों का कोई ठीक-ठीक हिसाब-किताब नहीं, जो असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। वे किसी ईंट भट्ठे पर, किसी बनती हुई इमारत में, कहीं सड़क पर मिट्टी ढोने वगैरह के काम तलाशते फिरते हैं। गांवों से बहुत सारे लोग इस उम्मीद में शहरों का रुख करते हैं कि वहां उन्हें गुजारे लायक काम मिल जाएगा। मगर वहां भी उन्हें कम दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़तीं। शहरों के हर ह्यलेबर चौराहेह्ल पर सुबह-सुबह मजदूरों का हुजूम खड़ा होता है, मगर उनमें से कुछ को ही काम मिल पाता है। जो ठेकेदार उन्हें काम पर लगाते हैं, उनकी दबंगई ऐसी कि पैसा समय पर कभी नहीं देते, बल्कि मजदूरों का पैसा मारने की फिराक में अधिक रहते हैं। ऐसे ही ठेकेदार के शोषण का शिकार हुए कालाहांडी के ये तीनों मजदूर। ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई का कोई व्यवस्थित तंत्र कहीं नहीं है, जहां मजदूर सीधे गुहार लगा सकें। वैसे भी गरीब अनपढ़ मजदूर पुलिस के सामने पड़ने से बचते हैं, वे शिकायत करने भला कहां जाते। मगर इससे भी दारुण कथा यह है कि इन मजदूरों को सरकारें कम नहीं छलतीं। कालाहांडी की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मगर ओड़ीशा सरकार वहां के लोगों के लिए क्या करती है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां से लोगों को सैकड़ों मील दूर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ता है। किसी परिवार को अपना नवजात शिशु बेच कर पेट भरने का इंतजाम करना पड़ता है। गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। मगर इसके लिए शुरू की गई मनरेगा योजना में पैसे की कमी और अनियमितता के बीच मजदूर पचास दिन का काम और पैसा भी पा जाएं तो वे खुद को खुशकिस्मत समझते हैं। अगर इन श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही गुजारे लायक काम मिल जाता, तो उन्हें इस कदर दर-दर तो न भटकना पड़ता। ओड़ीशा सरकार के पास शायद ही इस सवाल का जवाब हो कि क्यों वहां के लोगों को ऐसी जिल्लत उठानी पड़ती है।

# है वह असली नायक!



हुआ गलत यदि राजा ।  
राह सही बताना ।।  
आइना दिखाने से ।  
काम रूके मनमाना ।।  
करते जो ये काम ।  
हैं प्रशंसा लायक ।।  
जो निर्भय और निडर ।  
है वह असली नायक ।।  
बिना लाग लपेट के ।  
करते जो प्रहार ।।  
इस समाज के असली ।  
हैं वे ही हकदार ।।  
डटे रहना पथ पर ।  
ना इतना आसान ।।  
पर जो टिका रह गया ।  
मिलता भी सम्मान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# भूटान पर सामरिक संशय

भारत की तरफ से दूसरे देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का सबसे बड़ा लाभ इस पड़ोसी देश को मिलता है। हालांकि चीनी प्रभाव से अब स्थितियां बदल रही हैं। भूटान की युवा पीढ़ी भारत और चीन से समान संबंध रखना चाहती है और वह इन दोनों देशों के विवादों से दूरी बनाए रखने की पक्षधर है। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग और नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के बीच भारत और चीन से संबंधों को लेकर उभरे कूटनीतिक मतभेद हैरान और परेशान करने वाले हैं। दरअसल, भूटान के प्रधानमंत्री ने विस्तारवादी चीन के अतिक्रमण और सुरक्षा खतरों को काल्पनिक बताकर नजरअंदाज करने की कोशिश की है। वहीं भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक ने भारत के साथ परंपरागत संबंधों को उच्च स्थान पर रखते हुए दोनों देशों के साझा राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर पांच सूत्रीय व्यापक खाके पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है।

भारत और तिब्बत के बीच बसे भूटान को भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए बेहद अहम माना जाता है। देश के पूर्वोत्तर राज्यों को चीनी खतरे से दूर रखने के लिए सिलीगुड़ी गलियारे का बड़ा महत्त्व है। भूटान की भौगोलिक स्थिति उसे सुरक्षा कवच प्रदान करती है। यही कारण है कि भारत भूटान से रिश्ते के दायित्व को बेहद जिम्मेदारी से निभाता रहा है। आजादी के कुछ वर्षों बाद ही 1949 में जवाहरलाल नेहरू और किंग जिग्मे वांगचुक ने भारत और भूटान के मध्य मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके अनुसार भूटान की सुरक्षा और विदेश नीति का संचालन भारत के हाथों में रहा। इस वजह से भूटान और चीन के बीच कभी राजनयिक संबंध नहीं रहे। मगर पिछले कुछ वर्षों में स्थितियां बदली हैं और अब भूटान की युवा पीढ़ी भारत पर निर्भरता को कम करने की बात कहने लगी है।

कुछ दिनों पहले भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने एक साक्षात्कार में भूटान की सीमा पर चीनी अतिक्रमण के तथ्यों को खारिज करते हुए कहा था कि डोकलाम एक अंतरराष्ट्रीय सीमा है और भूटान की जमीन पर कोई चीनी निर्माण नहीं हुआ है। लोटे शेरिंग के इस बयान को भारत के लिए अप्रत्याशित माना गया, क्योंकि 2017 में भारत और चीन के बीच डोकलाम को लेकर सैन्य तनातनी हुई थी। तब भूटान ने डोकलाम में चीन की ओर से सीमा पर अवैध निर्माण की शिकायत की थी। यह क्षेत्र भारत, चीन और भूटान के त्रिकोण पर स्थित है। चीन यहां नए निर्माण की कोशिश कर रहा था, जिसे भारतीय सेना ने रोक दिया। भारत और चीन के बीच के दो अहम दर्रे- नाथू-ला और जेलप-ला- यहां खुलते हैं। इसके पतले आकार और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ही इस गलियारे को भारत का चिकन्स नेक कहते हैं। पश्चिम बंगाल में स्थित यह गलियारा भारत की मुख्यभूमि को उसके पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। भारत ने यहां सड़क निर्माण पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यहां सड़क बनाने की योजना चीन की भारत को घेरने की सामरिक रणनीति का हिस्सा है। भारत को चिंता है कि इस सड़क का काम पूरा हो गया तो देश के पूर्वोत्तर राज्यों को देश से जोड़ने वाले बीस किलोमीटर चौड़े इस इलाके पर चीन की पहुंच बढ़ जाएगी। भारत तीन दिशाओं- दक्षिण, पश्चिम और पूर्व- में भूटान के लिए सीमा बनाता है, जबकि उत्तर में भूटान की सीमाएं चीन से लगी हुई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से अपने भू-रणनीतिक स्थान के कारण भूटान भारत के लिए बेहद अहम है। भारत भूटान को बड़े पैमाने पर आर्थिक, सैनिक और तकनीकी मदद मुहैया कराता है। भारत की तरफ से दूसरे देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का सबसे बड़ा लाभ इस पड़ोसी देश को मिलता है। भूटान में सैकड़ों भारतीय सैनिक तैनात हैं और वे भूटानी सैनिकों को प्रशिक्षण भी देते हैं। हालांकि



चीनी प्रभाव से अब स्थितियां बदल रही हैं। भूटान की युवा पीढ़ी भारत और चीन से समान संबंध रखना चाहती है और वह इन दोनों देशों के विवादों से दूरी बनाए रखने की पक्षधर है।

2021 में भूटान और चीन ने एक थ्री स्टेप रोडमैप समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उस पर चीन ने दावा किया था कि सीमा निर्धारण को लेकर बातचीत की रफ्तार तेज करने और दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध बनाने में अर्थपूर्ण भागीदारी आगे बढ़ेगी। वहीं भूटान ने भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की और प्रतिबद्धता जताई थी। चीन के भूटान से विवाद समाप्त करने की इन कोशिशों को भारत के लिए एकतरफा और नई सुरक्षा चुनौती समझा गया। यह भी दिलचस्प है कि माओ की नीति के अनुसार संपूर्ण भूटान चीन का भाग समझा जाता है। वहीं चीन के आक्रामक इरादों को भांपते हुए भारत ने भूटान की सुरक्षा कर यह सुनिश्चित किया हुआ है कि चीन किसी भी तरह इस देश पर कब्जा न जमा सके। इन सबके बाद भी भूटान चीन से जो समझौते कर रहा है, वह भारत और भूटान दोनों के लिए संकट बढ़ाने वाले हैं। चीन डोकलाम यानी भारत-चीन-भूटान त्रिकोण के पास 269 वर्ग किलोमीटर का इलाका लेकर बदले में भूटान के उत्तर में 495 वर्ग किलोमीटर का जकारलुंग और पासमलुंग घाटियों के इलाके से अपना दावा छोड़ना चाहता है। चीन जो इलाका भूटान से मांग रहा है, वह भारत के सिलीगुड़ी गलियारे के करीब है। सिलीगुड़ी गलियारे, जिसे चिकन्स नेक भी कहा जाता है, भारत के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। वह उसे पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ता देता है। अगर चीन सिलीगुड़ी गलियारे तक पहुंचने में कामयाब हो जाएगा, तो भारत की पूर्वोत्तर की सीमा पर सुरक्षा संकट गहरा सकता है। चीन इसके बाद चुंबी घाटी तक रेल लाइन बिछा सकता है। भूटान को चीन के प्रभाव से बचाए रखने के लिए भारत ने कोई कमी नहीं रखी है। भूटान को मिलने वाली विदेशी सहायता में सबसे बड़ा योगदान भारत का होता है। भारत उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है। भूटान भारत के सहयोग और निवेश से बिजली पैदा करता और उसे भारत को बेचता है।

यह तथ्य भी सामने आया है कि चीन ने भूटान में उत्तरी, पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी सीमा के भीतर अपने गांव बसा लिए हैं। 2020 में वैश्विक पर्यावरण सुविधाओं पर आधारित एक बैठक में चीन ने यह दावा करके सबको अचरज में डाल दिया था कि पूर्वी भूटान में स्थित सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य को किसी अंतरराष्ट्रीय परियोजना में इसलिए शामिल नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह चीन और भूटान के बीच एक विवादित क्षेत्र है। चीन ने भूटान के जिस क्षेत्र पर दावा किया था वह इलाका भूटान की पूर्वी सीमा पर स्थित अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले को छूता है। चीन अरुणाचल प्रदेश को अवैधानिक रूप से दक्षिणी तिब्बत बताता रहा है। भूटान में चीन से निपटने का बिल्कुल सामर्थ्य नहीं है। भूटान का एक तबका चीन से राजनयिक संबंध बढ़ाने की बात कहता और यह आरोप लगाता है कि भारत उनके देश में अनुचित तरीके से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहा है। दक्षिण एशिया में भूटान एकमात्र ऐसा देश है जिसका चीन के साथ कोई कूटनीतिक संबंध नहीं है। कभी भारतीय नागरिकों के लिए भूटान जाना अपने ही घर में जाने जैसा होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हाल ही में भारत यात्रा के दौरान भूटान नरेश ने भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत जांच चौकी स्थापित करने के साथ पेट्रोलियम, उर्वरक और कोयला के क्षेत्र में द्विपक्षीय साझा व्यापार बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। भूटान नरेश के भारत से संबंध मित्रवत ही रहे हैं और अभी तक यह भारत के लिए बहुपयोगी भी रहा है। मगर लोकतांत्रिक सरकार आने के बाद भूटान की राजनीतिक परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आ रहे हैं।

# मैदान का जादू

कुछ समय पहले देश की शीर्ष अदालत ने अपने एक फैसले में कहा कि खेल मैदान के बिना कोई स्कूल-कालेज नहीं हो सकता। जाहिर है, यह फैसला सराहनीय है। स्मृतियों ने करवट ली। यों यह संभवतः नियम है कि स्कूल-कालेज में खेल परिसर होना चाहिए। लेकिन जब जरूरी बातें उपेक्षित होती रहती हैं, तो इस पहलू पर कोई कैसे ध्यान देता। बहरहाल, अदालत के इस रुख के बाद बहुत सारे पुराने लोग उस समय में पहुंच गए होंगे, जब किसी भी स्कूल के साथ लंबे-चौड़े मैदान हुआ करते थे। बिना खेल के मैदान किसी भी स्कूल की कल्पना नहीं की जा सकती थी। उस वक्त ज्यादातर स्कूलों के चारों तरफ मैदान ही मैदान होता था, लेकिन एक खास मैदान जरूर होता था। खो-खो के लिए स्थायी खंभे गाड़े गए थे। सरहद पर आम, इमली और नीम के बड़े-बड़े घने वृक्ष होते थे। गर्मी के दिनों में वे पेड़ गर्म हवा से राहत देते थे और ठंड के दिनों में उन्हीं पेड़ों से छन-छन कर आती धूप में ठंड का असर कम हो जाता था। हालांकि आज की तरह उस वक्त स्कूल में कुछ बुनियादी



सुविधाएं नहीं थीं। कुर्सी-टेबल नहीं थे। सफेद या हरे बोर्ड नहीं हुआ करते थे। बच्चे जूट की बनी लंबी-लंबी फट्टियों पर बैठा करते थे। पढ़ाई जारी रहती थी अ आम, इ इमली। दिन के उत्तरार्ध में स्कूल का समय खत्म होते ही बच्चे हो-हल्ला मचाते हुए घर की तरफ भागते थे। लेकिन कुछ ही समय बाद वे वापस लौटते उसी स्कूल मैदान में। किसी के हाथ में गिल्ली-डंडा होता, किसी के हाथ में पतंग और लटाई तो किसी की जेब में कंचे भरे होते। मैदान इतना विशाल होता कि कहीं खो-खो का खेल चलता, कहीं कबड्डी हो रही होती तो कहीं आसमान में पतंगों के दांवपेच। सबके अलग-अलग मनभावन खेल थे। स्कूल तो छोटा था, पर मैदान उससे बड़ा। अंधेरे के आगाज तक खेल चलते रहते थे। उस वक्त तक बच्चे किताबों को भूले रहते। चाक, डस्टर, ब्लैकबोर्ड और मास्टर का डंडा उनके जेहन में कहीं नहीं होती। यह सब मैदान का जादू था। पढ़ाई-लिखाई बोझ नहीं थी। ये मैदान मानसिक और शारीरिक विकास में सहयोगी हुआ करते थे। ऊंची कक्षाओं में पढ़ने वालों के कालेज शहर के एक छोर पर थे। उस दौर के अपने आसपास की बात याद की जाए तो तब हमारे उच्च माध्यमिक विद्यालय की बनावट आकर्षक वगार्कार थी। चारों कोनों में बाहर जाने के द्वार थे। कहीं से भी मैदान की ओर जाया जा सकता था। पीछे की तरफ फुटबाल का वृहद मैदान था। साथ में अमरूद का एक बगीचा। मध्याह्न अवकाश में दूर से आए विद्यार्थी बगीचे में बैठकर भोजन किया करते थे और शाम के वक्त घर लौटने के पहले उसी मैदान में हाकी, फुटबाल, बैडमिंटन या टेनिस खेलते दिखते। इसके अलावा, नगर निगम का पार्क आज के आधुनिक पार्कों की तरह था। हालांकि उस वक्त पूरी जमीन कच्ची हुआ करती थी। नौनिहालों के स्कूल को बालमंदिर कहते थे। वहां भी एक छोटा-सा मैदान था बच्चों के लिए। उस मैदान में बच्चों के खेलने के लिए सी-सा, फिसलपट्टी और झूले थे। उससे हटकर एक व्यायामशाला हुआ करती थी। शाम के वक्त बच्चे और नौजवान कुश्ती और अन्य कसरत किया करते थे। साथ ही बुजुर्गों के लिए बैठने की आरामदायक व्यवस्था थी। वे बच्चों की उछल-कूद देखकर मन बहलाते थे।

कहने का आशय यह है कि तब घर से लेकर स्कूल तक के बच्चों के लिए खेलने-कूदने को उनके जीवन का और स्वाभाविक विकास का जरूरी हिस्सा माना जाता था। लेकिन उसके बाद सब गायब होता चला गया। यह कैसे हुआ, किसने किया? आज जब कारण ढूंढ़ा जाता तो भू-माफिया पर नजर जाती है। वे मैदानों में पांव पसारने लगे। येन-केन प्रकारेण मैदान उनके होते गए। बड़े-बड़े भूखंड कट गए। इधर-उधर बहुमंजिला इमारतें नजर आने लगीं और स्कूल एक कोने में सिमट गए। अब तो हालत यह है कि स्कूल जाने के पहले गलियों से गुजरना पड़ता है। स्कूल के साइन बोर्ड जाने कहां चले गए। वह स्कूल जहां हम बच्चों ने अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी की थी, हथेली की तरह खुला था। पर अब बंद मुट्ठी जैसा हो गया है। न तो वहां खो-खो के डंडे गड़े हैं और न वे आम, इमली और नीम के दरख्त हैं।

न कबड्डी के लिए मैदान बचा है और न कोई उड़ती हुई पतंग दिखती है। वरना सुबह सुबह अ आम का, इ इमली का तथा अं अंगूर का सुनाई पड़ता था। अभी भी कभी स्कूल की तरफ सड़क से गुजरा जाए तो कानों में आम, इमली और नीम गूंजने लगते हैं। अब वह सब सपने में है। सवाल है कि सरकार और समूचा तंत्र क्या कर रहा था? खैर, अब देश की सर्वोच्च संस्था ने इसका संज्ञान लिया है तो बहुत सारे लोगों को राहत हुई होगी। वरना तो आज गली-कूचे में स्कूल और कालेजों की बहार है। कुकुरमुत्ते की तरह पैदावार हो रही है। इस फसल को रोकने की जरूरत है। पढ़ाई-लिखाई के साथ देह, दिल और दिमाग का स्वस्थ होना आवश्यक है। इसलिए स्कूल के साथ खेल के मैदान जरूरी हैं।

# ढाई आखर की हिलती बुनियाद

ब्रह्म चिंतातुर हैं! कहां विलुप्त हो गए वे आखर, जिन्हें ब्रह्म होने का रुतबा हासिल था। इलाही से दुआ मांगी थी वह जुबां अता करे। लेकिन ईश्वर से बख्शीश में मिली तीन इंची जुबां तसल्ली बख्श साबित न हुई और फिर पहले इसे गज भर लंबा बनाया और बाजार ने इसे बांस से भी ज्यादा लंबी हैसियत दे दी। अब इससे शब्द झरते नहीं हैं, फिसलते हैं। फिसले हुए शब्द बेकाबू हो रहे हैं।

साहित्य, संस्कृति और खबरनवीसों की दुनिया में बेकाबू शब्दों ने संवेदनाओं को सोख लिया है। जुबां अब सलीके की निगहबान नहीं है। अब वह सलाखों की तरह लपलपा रही है। शब्द प्रपात से उछले शब्दों में रक्त की प्यास है, प्रतिष्ठा निगलने की भूख है। असल भूख से उसका वास्ता कैमराजीवी सरीखा है। शब्दों का स्वच्छ स्वच्छंद विचरण काराओं से घिरा है। शब्दों के प्रवाह के लिए विचार चाहिए, विचार को भाव और भावों के लिए अभावों के प्रति संवेदी मन। मन को सामग्री विश्लेषण के लिए व्यापक अध्ययन का क्षेत्र चाहिए। लेकिन जहां तुरंत खिचड़ी पकानी हो, वहां इस सब पर समय जाया करना नादानी है। लोकप्रियता की लहरों पर सवार होने के लिए बेताब लोग बाजार में खड़े कबीरा को नहीं ताकते। वे माप रहे हैं औकात और ओहदा। अब व्यापारी जानते हैं कि निवेश कम है और मुनाफा ज्यादा। इसलिए प्रकाशन से लेकर विज्ञापन तक सब जगह शब्दों की खरीद-फरोख्त मचल रही है। अब शब्दों को अर्थ से नहीं, शक्ति से तोलकर शब्दशक्ति कहा जाने लगा है। लेकिन इसको



व्यापार कहा जाए तो लोग गुस्सा हो जाते हैं। शब्द तो मात्र कारण है, उसका प्रगटीकरण अर्थ है। उसका और शक्ति साधन या व्यापार का विस्तार। शब्द शक्ति शब्द के अर्थ से अनर्थ का ज्ञान संभव करा रही है। इसलिए अब प्रचलित अर्थ छोड़ कर विचारहीन तत्त्व को शब्दशक्ति कहा जाने लगा है। शब्द की तीन शक्तियों में से एक है वाचक। अब वे वाचाल हो चुके हैं। वे लक्षित कुछ करते हैं, प्रस्तुत कुछ और। व्यंजकों का अब व्यंग्य से नहीं, व्यंजनों के वास्ता रह गया है। शब्द शिल्पियों की जगह बाजीगरों ने हथिया लिया है।

लेकिन मौलिकता भी कभी नष्ट होती है क्या? वह भी शब्दों और शब्दों से बने काव्यों-महाकाव्यों की! इनमें गुंफित सारगर्भित भावों-अनुभावों की, शाश्वत विचारों की! साहित्य की अमूल्य धरोहर को भला कौन नकार सकता है! आज जब पवित्र पुस्तकों में क्षेपक चिपकाए जा रहे हैं, फिर उन्हें बीच बहस के अखाड़ों में उजागर कर खुद को सूरमा घोषित किया जा रहा है, तब याद रखने की जरूरत है कि वे मूल्य, जिनकी रक्षा पीढ़ियों से होती आ रही है और जिनका स्वागत असंख्य संताने करके गौरवान्वित हो रही थीं, वे सब अनंत में विश्रांति पा रहे हैं और तमाशा जारी है। पुस्तकों का अस्तित्व संकट में है, इंसानियत धुआं-धुआं होने को अभिशप्त है। सहज ही में सब कुछ उपलब्ध होने की दशा ने यह सरल, सुगम रास्ता अख्तियार कर लिया है। अब लिखित-प्रकाशित शब्द की सत्ता को चुनौती देने वाले अखाड़ेबाजों की लगी पड़ी है। तो फिर क्या निकट भविष्य में इनका हश्र भी उन पुरातन अवशेषों के समान ही होने वाला है? कभी जो धर्म, जाति, संप्रदाय की संकरी गलियां होती थीं, आज शब्द बाजार के कंधे पर सवारी करके वे टोल-बूथ रहित आठ और सोलह लेन के ह्यवन नेशन वन बेल्टह्ल के उपजाऊ खेतों और फैक्टरियों के लिए कच्चा माल तैयार करने में जुटे हैं। जिन शब्दों में ऊपर उठ कर समूचे समाज के उत्थान के लिए अनूठे सपनों को कार्यरूप देने की अद्भुत क्षमता थी, उनमें अनेक वजनी शब्द भी निशब्द हैं। शेष जो हैं, वे बाजार में। मौन रहा अगर कोई तो उनका अपराध गिना गया, लेकिन जो बड़बोले हैं, उनका हिसाब कौन करेगा? यों सभी मनुष्य अपने जीवन में शब्द आराधना के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। कुछ अपने धन-वैभव समृद्धि के लिए, तो कुछ अपनी कल्याण के लिए, लेकिन जब शब्द तलवार की धार से तीखे होकर अपने प्रतिद्वंद्वी के पराभव के लिए मचलने लगें तो समझ लीजिए कि राष्ट्र कहां है। ह्यढाई आखरह्ल की बुनियाद हिलने लगी है। ह्यमिल-जुल कर कैसे रहना हैह्ल के सूत्रवाक्य अब मिलावट के उसूलों पर मर मिट रहे हैं। खून की होली इंसानियत के भरोसों को तोड़ रही है। अक्षर का सत्य से नाता बिखरने लगा है, जिसकी कोई नजीर नहीं मिलती है। कड़वाहट फूलों में बसर कर फैली है, हवा जहरीली हुई जा रही है। शब्दों से रंग, रंगों से रंगत गायब है। चाटुकार चुल्लूभर पानी में नहा कर गंगा स्नान का बखान कर रहे हैं। जिन्होंने रोम-रोम गिरवी रखा हो, वहां उनसे जमीर की बात बेमानी है। शब्दों की चक्करघन्नी वाले उस्ताद झूठ को सच और सच को झूठ बताने में मास्टर हो गए हैं। वे पाप की गठरी सिर पर लादे रोज गंगा नहाते हैं।

# नयें मकानों में भी कुछ यादें पुरानी होनी चाहिए-



खिलखिलाती मुस्कराती जिन्दगानी होनी चाहिए,  
हर शहर का मौसम, हर ऋतु सुहानी होनी चाहिए ।  
राहे-ए-मंजिल पर फौलादी इरादों से पॉव रक्खो  
मील का पत्थर बने या कोई निशानी होनी चाहिए।  
अमन, ईमान ,वतन और ऊसूलो पर मिट जाए ,  
हर धड़कते सीने में ऐसी ही जवानी होनी चाहिए।  
महबूब या मातृभूमि पर जो फना हो गये दिवाने ,  
उन दिवानो की किस्सागोई मुहजबानी होनी चाहिये।  
भीड़ में गुमनाम हो जाना जॉबाज की नाकामी है ,  
कदमों में दुनिया बदलने की रवानी होनी चाहिए।  
कठिनाइयों से भरपूर रास्ता सबसे खूबसूरत है,  
कठिनाइयों से लडने की अमर कहानी होनी चाहिए।  
दुःख दर्द में हिस्सेदारी का एहसास करे हर इंसान,  
महकता ऑगन और फिजाऐं मस्तानी होनी चाहिए।  
नई हवाओं की रंगत में बदल जाना दौर की लाचारी है,  
नये मकानों मे भी कुछ यादें पुरानी होनी चाहिए।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**  
**लेखक/ साहित्यकार / उप सम्पादक - कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ गोष्ठी

प्रखर मिजार्पुर। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मण्डलीय चिकित्सालय में एक स्वास्थ्य गोष्ठी आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर यू0यन0 सिंह ने किया। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने दी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाल बाबू यादव अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया गया। इस बार का थीम हेल्थ फार आल रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी के खान पान के अलावा रहने वाले स्थान पर साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। आज के परिवेश में अगर हम खाने पाने पर ध्यान रखे तो शुगर व ब्लड प्रेशर से आसानी से बचा जा सकता है। इसके साथ ही खुद कैसे स्वस्थ्य रहे इसकी भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए पूरे परिवार को रात्रि का भोजन एक साथ अवश्य करना चाहिए और खाना खाते समय मोबाइल व टीबी पास में नही रहना है। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य आरवी कमल ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हम बहुत आगे आ चुके हैं। आज सारी सुविधाएं इस मण्डलीय चिकित्सालय में उपलब्ध हैं। यह एक खुशी की बात है कि कैंसर की पहचान व इलाज जिले में ही संभव हो गया है। साथ ही पैथोलॉजी की सुविधा अब चिकित्सालय में 24 घंटे सुविधा मौजूद होगी। टीबी के मरीजों के लिए वार्ड बनाया गया है। अब टीबी के मरीज यहीं रखे जाएंगे। भारत की संस्कृति में सभी व्यक्तियों को 100 वर्ष तक जीने का आशीर्वाद दिया जाता रहा है। स्वस्थ्य रहने के लिए हर व्यक्ति को योग व आयुर्वेद के प्रति रूझान बढ़ाना होगा। विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन भारत में 7 अप्रैल 1948 को इस तिथि को आयोजित किया गया। तभी से इस तिथि को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

**अपर जिला जज ने दिये स्वस्थ्य रहने के उपाय**- स्वस्थ आहार खाएंए नमक व चीनी का सेवन कम करें। शराब व धूम्रपान से दूरी बनाएं। समयण्समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। बच्चों का टीकाकरण कराएं। अपने शरीर को हाइड्रेट रखें। शरीरिक रूप से सक्रिय रहेए रोज कम से कम आठ हजार कदम चलें। खाना सही से चबा कर खाएं। खांसते या छींकते समय मुंह को ढंके। बच्चों के लिए स्वस्थ पर्यावरण पर काम करें। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बचने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर मुख्य चिकित्साधिकरी वी0के0 चौधरी, पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी एल0एस0 मिश्र के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोशाला होने के बाद भी दर-दर भटक रहे है गौवंश जिम्मेदार बेखबर

प्रखर केराकत जौनपुर। गायों के संरक्षण के लिए शासन द्वारा गोशाला का निर्माण कराया गया है। इसके बाद भी क्षेत्र में आवारा गाय खाने-पीने के लिए दर-दर घूम रही हैं और खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रही है।ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में सड़कों पर घूम रही आवारा गाय किसानों द्वारा छोड़ी गई है। गाय जब तक दूध देती है, तब तक किसान गायों को बांधकर रखते हैं। जब वह दूध देना बंद कर देती है तो वह उन्हें गांव से दूर छोड़कर चले जाते हैं। किसानों द्वारा छोड़ी जा रही गायों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस कारण नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गायों का आतंक बना हुआ है बता दे कि केराकत से खुज्जी की तरह जाने वाले सड़क पर लगभग आधा दर्जन बेसहारा मवेशी झुंड के रूप में घूमते हुए दिखाई पड़ रहे है यहां तक कि केराकत के स्टेशन रोड से होते हुए बाजार में जाते हुए बेसहारा मवेशियों को देखा जा रहा है।विडंबना तो देखिए विकास खण्ड व तहसील मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर बेसहारा मवेशियों का झुंड है बाबजूद इसके भी जिम्मेदारों की निगाह बेसहारा घूम रहे मवेशियों पर नही पड़ रही है जो सोचनीय विषय है गौरतलब हो कि सड़क पर घूमने वाले बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए शासन द्वारा गोशाला का निर्माण



कराया गया है, परंतु बेसहारा गोवंश की समस्या से निजात नहीं मिल रही है।जबकि प्रदेश सरकार बेसहारा घूम रही मवेशियों को गौशाला भेजने के निर्देश जारी करती रहती है मगर स्थानीय प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाती नजर आती है बहरहाल ऐसे गैरजिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर क्या कार्यवाही होती है यह देखना दिलचस्प होगा।

## लॉन संचालकों के धैर्य की परीक्षा ना ले वीडीए : मृत्युंजय सोनकर

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी मैरेज लॉन व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष ने मीडिया से वार्ता के दौरान बताया की वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा बार-बार समाचार पत्र के माध्यम से लॉन संचालकों को जो धमकी दी जा रही है तथा आम जनता को लॉन के प्रति गुमराह किया जा रहा है वह ठीक नहीं है संगठन के द्वारा 2019 में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से कुछ लॉनो का डेमो मांगा गया था कि लगभग 1 लॉन का प्राधिकरण के हिसाब से क्या खर्चा आएगा जो अभी तक संगठन को प्राप्त नहीं हुआ वाराणसी मैरेज लॉन व्यापार मंडल का एक बड़ा परिवार है जिसमें पेन्ट, माली, कैटरर, बिजली, हलवाई व अन्य को मिलाकर लगभग एक लॉन से 100 से ज्यादा लोगों को काम करते हैं इससे प्राधिकरण को समझ में आ जाना चाहिए कि यह परिवार लाखों की संख्या में है अगर वाराणसी लॉन व्यापार मंडल के आह्वान पर लोग सड़क पर आ गए तो क्या होगा और इसका जिम्मेदार कौन होगा अभी जी- 20 शिखर सम्मेलन होना है जो बिना व्यापार मंडल के सहयोग से संभव नहीं है यह काशी है और यह प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है जहां व्यापारियों और व्यापार मंडल के बिना कोई भी कार्यक्रम करा पाना संभव नहीं है इसीलिए वाराणसी विकास प्राधिकरण को वाराणसी मैरेज लॉन व्यापार मंडल के साथ बैठकर इस समस्या पर चर्चा कर कोई बीच का रास्ता ढूंढना होगा अन्यथा अगर सम्मेलन के बीच में कई हजारों की संख्या में व्यापारी सड़क पर आ गए तो इसकी जवाबदेही वाराणसी विकास प्राधिकरण का होगा जो जी-20 के नाम पर वर्षों पुराने व्यापार को नष्ट करने पर तुला है और चुनावी वर्ष में सरकार की छवि खराब की जा रही है।

## चोरी का प्रयास करने वाले आरोपित का हुआ चालान

खेतासराय (जौनपुर)। शाहगंज कोतवाली के इमरानगंज के भरौली मोड़ पर स्तिथ शिक्षण संस्था अल्फारुक एकेडमी के कैम्पस की मस्जिद से बीते दिनों चोरी का प्रयास करते समय गिरफ्तार आरोपित का गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया। चोरी प्रकरण का संज्ञान डीजीपी कार्यालय को होने की वजह से पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया था। दरअसल बीते मंगलवार की शाम एक चोर उक्त स्कूल के मस्जिद की बिल्डिंग में घुस गया। संस्थान के प्रबन्धक डॉ फखरुद्दीन रोजा इफ्तार के पश्चात अपने गांव पारकमाल आये हुए थे। वापस आये तो एक संदिग्ध वहा तार, बल्ब, टोटी को समेट कर ले जाने का प्रयास कर रहा था।

## माहे रमजान, जुमे की नमाज में की गई मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। इस मौके पर इमामों ने नमाजियों को रमजान की फजीलत समझाई। इस दौरान देश व कौम की तरक्की के लिए दुआ भी की गई। नगर की मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने रमजान माह की फजीलत भी बयां की। वहीं रमजान माह के तीसरे जुमे को कस्बे समेत ग्रामीण इलाकों में मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। तीसरे जुमे में मस्जिदों के इमामों ने रमजान मुकद्दस पर तकरीर पेश की। माह-ए-रमजान के तीसरे जुमा पर शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय ने अकीदत से जुमा की नमाज अदा की। रोजेदारों ने सिजदे में सिर झुका कर अपनी गुनाहों की माफी मांगने के साथ ही देश की तरक्की की दुआएं मांगी। तेज धूप और उमस होने के बावजूद जामा मस्जिद नमाजियों से भरी रही। नमाज अदा करने के बाद मस्जिद परिसर में रोजेदारों ने बैठ कर



कुरान की तिलावत की। शाम होते ही मस्जिद में इफ्तार के लिए लोगों की भीड़ जमा होने लगी। मगरिब की अजान के बाद लोगों ने रोजा खोला और नमाज अदा की। नगर के गोराबाजार, कचहरी, महुआबाग, लालदरवाजा, नखास, टाउनहाल, जुड़नशहीद आदि मस्जिदों में खुतबा की अजान होते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खुतबा समाप्त होते ही लोगों ने कतार में खड़े होकर नमाज अदा की। बारा : रमजान में पड़ने वाले तीसरे जुमा पर मस्जिदों में नमाज के पूर्व रमजान की फजीलत बयान की गई। इस दौरान मौलाना कलीमुद्दीन शम्सी ने कहा कि रहमत और बरकत के इस महीने में गरीब, यतीम, बेसहारा मिस्कीनों की मदद करें। उन्हें खाना खिलाएं। कहा कि नबी-ए-करीम ने फरमाया कि किसी रोजेदार को इफ्तार कराने से अल्लाह उसको भी बराबर का सवाब देता है। नमाज के बाद मौलाना ने रोजा कबूल होने व मुल्क में अमन की दुआ मांगी।

## भठही बाबू में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

प्रखर कुशीनगर। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हाटा विकास खंड के भठही बाबू ग्राम सभा के पंचायत भवन पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर शिविर का शुभारंभ करते जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश पटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की देख भाल करते हुये गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत करता रहे, इसके निमित्त जागरूकता पैदा करने हेतु प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को वैश्विक स्तर पर विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना भी हुई थी। इस वर्ष की थीम भी सभी के लिए स्वास्थ्य रखी गयी है। स्वस्थ जीवन और रोग मुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकार भी संकल्पित है। उन्होंने ग्रामीणांचल में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु नयी दिशा का उत्साहवर्धन भी किया। अंगवस्त्र व पौधा भेंट कर



मुख्य चिकित्साधिकारी का स्वागत किया गया। शिविर में हड्डी रोग, दंतरोग, बाल रोग, बीपी, शुगर, टीबी, महिलाओं से सम्बंधित बीमारियों इत्यादि से सम्बंधित 467 मरीज आये जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरौली बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेकुआटार की टीम द्वारा परामर्श, जांच व दवा का वितरण किया गया। चिकित्सकीय टीम में डा0 अलीमुल्लाह खान, डा0 अमरजीत सिंह, रिंकी पटेल, बबिता, जय प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक क्षय रोग आशुतोष मिश्र, धर्मेंद्र गौड़, अर्जुन यादव, राम उग्रह, निशांत मिश्र, इसरार अली शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते ग्राम प्रधान सुभाष कान्दू ने सभी का आभार प्रकट किया। स्वागत शिक्षक कृष्णमोहन व संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर हेमंत मिश्र, बैरिश्टर पांडेय, कन्हैया मिश्र, जयराम पटेल, अंकेश कुमार पांडेय, संचालक, बांके, अजय कुमार, विमला देवी, संगीता देवी, सीमा देवी, सरोज यादव, मनीषा पांडेय, सत्यभामा, सोनी देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड सिटी के ग्राम पंचायत धानीपट्टी में क्राप कटिंग कराकर परखी फसल की उत्पादकता



प्रखर मिजार्पुर। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस विकास खंड सिटी के ग्राम पंचायत धानीपट्टी में राजस्व कार्मिको के साथ क्राप कटिंग कराकर जनपद में फसल उत्पादकता को परखा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपनी देख रेख में काश्तकार श्री राजकुमार पुत्र मुन्नीलाल के खेत का कराया गया। खेत के दक्षिण पश्चिम कार्नर से 14 कदम लंबाई, 7 कदम चैड़ाई की फसल छोड़कर छोड़ कर 10ग10ग10 मीटर त्रिकोणीय प्लाट (7 धूर, 43.3 वर्ग मीटर) की कटाई कराया गया। फसल का वजन 14.150 किग्रा पाया गया।

## गोरखपुर में अधेड़ की हत्या, ईंट से सिर कूचकर उतारा मौत के घाट, हाथ पैर भी तोड़ा, अवैध संबंध में हत्या की आशंका

प्रखर गोरखपुर। जिले के पीपीगंज क्षेत्र के तिघरा गांव में अधेड़ की हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। 55 वर्षीय शिवधर प्रसाद गुरुवार की रात खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान उसका सिर ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। आरोपितों ने शिवधर का हाथ पैर भी तोड़ दिया था। शुक्रवार की सुबह उनका शव गांव के बाहर खेत मे स्थित ट्यूबेल के पास भूसे में मिला। पुलिस, डाग स्क्वाड व फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, एक महिला समेत दो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। तिघरा गांव निवासी शिवधर प्रसाद गुरुवार की रात करीब 11 बजे घर से गांव के दक्षिण तरफ खेत में रखवाली करने गए थे। पत्नी की मृत्यु के बाद वह रोजाना रात को खाना खाने के बाद खेत जाते थे और वहीं एक कमरे के मकान में सोते थे। शुक्रवार की सुबह शिवधर के घर नहीं पहुंचने पर स्वजन खेत के पास स्थित कमरे पर पहुंचे तो वह नहीं मिले। स्वजन खेत की तरफ तलाश करना शुरू किए तो खून से सना उनका शव ट्यूबेल के पास रखे भूसे के पास



मिला। शव देखने से लग रहा था कि हत्या करने वालों की संख्या एक से अधिक रही होगी। सिर ईंट से कूच दिया गया था और दोनों हाथ व पैर तोड़ दिये गए थे। मृतक के पुत्र भोला प्रसाद व सोनू ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। मृतक प्राइवेट डाक बांटता था। बताया जा रहा है कि हत्या अवैध संबंध में हुई है। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जांच चल रही है। दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बच्चो व माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई

प्रखर मिजार्पुर ।माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनमोल पाल जी के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में मण्डलीय जिला चिकित्सालय मीरजापुर बच्चो व माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के प्रति जागरूकता शिविर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज, एफ.टी.सी. / सचिव श्री लाल बाबू यादव, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा० आर०बी०कमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा० राजेन्द्र प्रसाद ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री लाल बाबू यादव ने उपस्थित विशेषज्ञ, वरिष्ठ डाक्टर्स, वरिष्ठ सर्जन, एनम, नर्स, आशा संगिनी एवं मण्डलीय अस्पताल के कर्मचारीगण को सम्बोधित करते




हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की 75वीं वर्षगांठ पर डाक्टर्स ईश्वर का ही एक रूप है वह बधाई के पात्र है। बच्चो व माताओं और हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व सजग रहने की आवश्यकता है, इस भाग दौड व तनवावपूर्ण जीवन से मुक्ति के लिए स्वच्छ पेयजल, शुद्ध खानपान, शुद्ध हवा के लिए पर्यावरण के साथ साथ योगा को अपनाना अत्यन्त जरूरी है और अपने दिनचर्या को सही एवं सुचारू तौर पर करना आवश्यक है तभी हम सब स्वस्थ्य रहेगें। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा० आर०बी० कमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा० राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० वी० के० चौधरी, डिप्टी सी.एम.ओ. डा० यू.एन. सिंह, नेत्र विशेषज्ञ डा० नन्द लाल, डा० एल.एस. मिश्रा, एवं ब्लडबैक के श्री राम कुमार गुप्ता ने विश्व स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ, वरिष्ठ डाक्टर्स, वरिष्ठ सर्जन, एनम, नर्स, आशा, संगिनी एवं अस्पताल के कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए बताया कि "स्वस्थ्य रहने के लिए तनाव मुक्त होना जरूरी है, जिसके लिये स्वच्छ पेयजल, शुद्ध हवा, शुद्ध खान पान, योगा, मार्निंग वाक, को जो मनुष्य अपने दिनचर्या में अपनाता है, वह हमेशा स्वस्थ्य रहेगा। विशेषज्ञ डार्क्टस ने हार्ट, नेत्र, किडनी, लीवर, एवं ब्लड से सम्बन्धित बीमारियों एवं उसके इलाज के सन्दर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा किए। विश्व स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में डाक्टर श्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, डा० अखिलेश कुमार दूबे, डा० आनन्द कुमार सिंह, व०स० श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव, व मण्डलीय जिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किए।

# संक्षिप्त खबरें

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के पचवर गाँव के प्राथमिक विद्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा के परीक्षण का उद्घाटन भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री गौतम मिश्र गोलू नें किया। कार्यकम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत के चिकित्सकों और समस्त के स्टाफ द्वारा किया गया। भाजपा युवा मोर्चा,केराकत के मंडल अध्यक्ष मिथिलेश गिरी कों इस कार्यक्रम को संपन्न कराने की जिम्मेदारी संगठन द्वारा प्राप्त हुई।

## पॉक्सो एक्ट में दोषी को मिली 20 वर्ष कारावास व 40 हजार की सजा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा अधिकतम त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस,थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप,थाना भांवरकोल पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट से सम्बंधित 01 नफर अभियुक्त शकील पुत्र ताजुद्दीन निवासी पखनपुरा थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर को 20 वर्ष कारावास व 40 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। आज 07 अप्रैल 23 को माननीय न्यायालय विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो कोर्ट गाजीपुर द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को अर्थ दण्ड अदा न करने पर अतिरिक्त साधारण कारावास से दण्डित किया गया।

## बल्कर ट्रक व हार्वेस्टर में हुई भिड़ंत, बाल बाल बचे चालक



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के हिनौता ग्राम सभा अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के ओवरब्रिज के समीप सोनभद्र से राखड़ लादकर वाराणसी की तरफ जा रही हाइवा बल्कर ट्रक आगे चल रही हार्वेस्टर अचानक सड़क के दूसरी लेन में आ जाने से बलकर से भिड़ंत हो गई जिसमें बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई वही हार्वेस्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ है यह तो संयोग रहा कि उस पर सवार चालक समेत अन्य लोगों को किसी भी तरह का कोई चोट नहीं आया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पलटी वाहनों को हटवा कर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया वहीं हार्वेस्टर के चालक व अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार ने पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे को लेकर मुख्यमंत्री व गृह सचिव से की शिकायत


प्रखर केराकत जौनपुर। वर्तमान में अधिकारीगणों द्वारा देश के चौथे स्तम्भ को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने में कोई कसर छोड़ी नहीं जा रही है।सच का आईना दिखाना पत्रकारों को भारी पड़ रहा है।जी हां हम बात कर रहें है केराकत के अधिकारीगणों की जो उक्त बातों को फॉलो करते नजर आ रहें हैं।केराकत तहसील क्षेत्र के पेसारा ग्राम स्थित गौशाला की खबर छापने के 3 दिन बाद पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा लादने को लेकर जहां प्रेस परिषद व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इसका विरोध कर रहे हैं वही राष्ट्रीय मानव अधिकार कमीशन के मीडिया प्रभारी दीपनारायण सिंह ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव से पत्रकारों पर हुए फर्जी मुकदमे की शिकायत पत्रक भेज की।शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान व अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व केराकत क्षेत्र के कुछ पत्रकार ग्राम पेसारा स्थित गौशाला में गायों के मरे हुए होने व गायों की दुर्दशा पर खबर छापा था। जिससे नाराज होते हुए 3 दिन बाद अधिकारियो द्वारा ग्राम प्रधान को आगे कर पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा करा दिया गया।जिसके बाद जनपद के हर गौशाला की नोडल अधिकारी द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।बहरहाल अब देखतें है कि जिम्मेदार अधिकारी कहा तक इस मामले में कर्तव्यपरायणता निभातें हैं।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र से फरार चल रहे गैंगेस्टर अभियुक्त को रामगढ़ ताल पुलिस ने गिरफ्तार किया।थाना प्रभारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर खास की सूचना पर थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0091/2023 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना रामगढ़ताल से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आलोक निषाद पुत्र स्व रुपचन्द निषाद निवासी गायघाट बुजुर्ग थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर उम्र 25 वर्ष को को गिरफ्तार किया। अभियुक्त से दौराने पूछताछ यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त आलोक निषाद का एक अन्य साथी रिंकू उर्फ तलबल निषाद उम्र 24 वर्ष पुत्र दुर्गा निषाद निवासी गायघाट बुजुर्ग थाना रामगड़ताल जनपद गोरखपुर का निवासी है तथा गैंग का गैंग लीडर है तथा इसी गैंग का सदस्य आलोक निषाद पुत्र स्व रूपचन्द्र निषाद निवासी गायघाट बुजुर्ग थाना रामगड़ताल उम्र




करीब 25 वर्ष भी है, तथा एक शातिर वाहन चोर हैं। इनका एक संगठित गिरोह है, जो अपने व अपने गिरोह के अन्य सदस्य के साथ आर्थिक व भौतिक दुर्नियावी या अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर लूट का अपराध कारित करते रहते हैं। गिरोह के सरगना एवं सदस्य का सामान्यतः जनमानस में भय एवं आतंक व्याप्त है इनके विरूद्ध थाना रामगढ़ताल पर मु0अ0सं0 682/22 धारा 392/411 भादवि0 व मु0अ0सं0 508/22 धारा 392/413 भादवि0 पंजीकृत है। उक्त गिरोह का दाण्डिक कृत्य समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 2 (बी) की उपधारा 01 मे आता है जो उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत दण्डनीय अपराध किये थे। जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0091/2023 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट, थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर 22.02.2023 को पंजीकृत है। तभी से अभियुक्त फरार चल रहा था।



## उर्वशी से शादी करना चाहते हैं पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने फैशन स्टेटमेंट के लिए मशहूर हैं। पूरी दुनिया में वह अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। महंगी ड्रेसेज और ऐक्सेसरीज कैरी करना उर्वशी का स्टाइल है। लेकिन इस सबके साथ उर्वशी का नाम क्रिकेटर्स के साथ जुड़ने के कारण भी वह सुर्खियां बटोरती हैं। इस बार उनका नाम ऋषभ पंत के साथ नहीं बल्कि पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह के साथ जोड़ा जा रहा है। इसी बीच मामले को हवा तब मिली जब हाल ही में नसीम ने मीडिया के सामने उर्वशी से शादी करने की ख्वाहिश जता दी। नसीम का ये वीडियो पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



**नसीम को किया था बर्थडे विश**

आपको याद दिला दें कि कुछ समय पहले उर्वशी रौतेला ने पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह को खास अंदाज में बर्थडे विश किया था। इसके बाद से ही दोनों के बीच कुछ पकने की खबरें सामने आने लगी थीं। इसी बीच अब उर्वशी से शादी करने को लेकर नसीम शाह से सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब में जो कहा वह हैरान करने वाला है। वह बोले, अगर मैं मैसेज दूंगा तो आप लोग वायरल कर देंगे। आपको याद दिला दें कि 15 फरवरी को नसीम शाह का 20वां जन्मदिन था। जिसे क्रिकेटर ने अपने क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम के साथ केक काटकर सेलीब्रेट किया था। जब नसीम ने पाकिस्तानी क्रिकेटर शादाब खान की शादी को लेकर कमेंट किया, तो उर्वशी रौतेला ने कमेंट सेक्शन में उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे डालीं। उर्वशी रौतेला ने कमेंट में लिखा था, हैप्पी बर्थडे नसीम शाह।

## बोनी कपूर की गिगी हदीद संग तस्वीर पर भड़के लोग

उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर की ओपनिंग सेरेमनी हाल ही में मुंबई में थी। इस इवेंट के दौरान देश और दुनिया के तमाम सेलिब्रिटीज ने शिरकत की थी। वहीं, बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई सेलिब्रिटीज इस इवेंट में चार चांद लगाने पहुंचे थे।



सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें प्रोड्यूसर बोनी कपूर और अमेरिकन मॉडल गिगी हदीद साथ में पोज देते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को लेकर बोनी कपूर को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। आइए जानते हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि बोनी कपूर लोगों को निशाने पर आ गए। इस तस्वीर में दोनों पोज देते नजर आ रहे हैं। वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स ने बोनी कपूर के हाथ को गिगी हदीद की कमर पर देख लिया और उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। लोगों ने इस तस्वीर को शेयर कर बोनी कपूर की जमकर क्लास लगाई है। बोनी कपूर की इस तस्वीर को देखकर लोगों ने यहां तक कह दिया कि ऐसी हरकतें देखकर अब गिगी हदीद कभी इंडिया नहीं आएगी।

# अर्जुन कपूर से शादी पर मलाइका ने भर दी हामी

टेलीविजन पर्सनैलिटी मलाइका अरोड़ा सालों बाद म्यूजिक एलब्म में नजर आई हैं। उन्होंने गुरु रंधावा के गाने तेरे ख्याला को हां कह दिया। अब ये गाना रिलीज हो चुका है। इस बीच मलाइका अरोड़ा ने प्रचार प्रसार के दौरान अपनी शादी पर भी चुप्पी तोड़ी है। मलाइका अरोड़ा ने जवाब दिया है कि वह शादी के लिए तैयार हैं। बता दें अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों के अफेयर को कई साल हो चुके हैं। अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं तो खुलेआम अपने इश्क पर चर्चा भी करते हैं। अब प्रमोशन के दौरान मलाइका ने अर्जुन कपूर संग शादी पर चुप्पी तोड़ी है। मलाइका अरोड़ा ने एक मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि हां हम शादी के बारे में सोचते हैं। कुछ लोग तो हमें स्वार्थी भी समझते हैं लेकिन ये एक दूसरे के प्रति प्यार है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मैं परंपराओं और इंस्टीट्यूशन में यकीन रखती हूं। इसके अलावा मैं प्यार और सौहार्द दोनों में विश्वास रखती हूं। मैं ये तो नहीं कह सकती कि मैं कब शादी करूंगी। क्योंकि मेरा मानना है कि लाइफ के बारे में ज्यादा प्लानिंग नहीं करनी चाहिए। लाइफ के बारे में ज्यादा प्लानिंग करना जिंदगी के मजे को किरकिरा कर देता है। उन्होंने ने कहा कि आने वाले 30 सालों तक वह ऐसे ही काम करती रहे। वह घर पर बैठना नहीं चाहती। मैं ट्रेवल करना चाहती हूं तो घर भी बसाना चाहती हूं। आपको बता दें कि मलाइका तलाकशुदा हैं। उनके पूर्व पति अरबाज खान हैं। अब वह खुद से कई साल छोटे एक्टर अर्जुन को डेट कर रही हैं। कई बार इस वजह से उन्हें ट्रोल भी किया जाता है। खैर मलाइका और अर्जुन दोनों ही नेगेटिव कमेंट की परवाह नहीं करते हैं। वह बिंदास हैं और इस वजह से वह कई लोगों के दिलों पर राज करते हैं।








## क्या आप जानते हैं?

## 6 अप्रैल का इतिहास

- **अमेरिकी** नागरिक मैथ्यू हैंसन और राबर्ट पियेरी ने 1909 में पहली बार उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने का दावा किया।
- प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका ने 1917 में जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- रोलेट एक्ट के खिलाफ शुरू किए गए सविनय अवज्ञा आंदोलन के तहत महात्मा गांधी जी ने 1919 में पहली अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया।
- इटली में फासिस्टों ने 1924 के चुनाव में भारी जीत दर्ज किया।
- जापानी विमानों ने 1942 में पहली बार भारत पर बम गिराए।
- अमेरिका ने 1955 में परमाणु परीक्षण किया।
- सोवियत संघ ने 1957 में परमाणु परीक्षण किया।
- भारतीय तैराक मिहिर सेन ने 1966 में पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
- भारत की राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 में आज ही के दिन स्थापना हुई।
- दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फ़ाकलैंड पर 1982 में अर्जेन्टीना ने अधिकार किया।
- पाकिस्तान ने मीडियम रेंज मिसाइल 'गौरी बैलिस्टिक' का 1998 में सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- नेपाल में 1999 में पुन: पांच सौ रुपये के भारतीय नोट चलाने की घोषणा।
- इटली में 2009 में आये 6.3 तीव्रता वाले जबरदस्त भूकंप के कारण लगभग 258 लोगों की मौत।
- भारत के वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी और भारत दौरे पर आए अमेरिकी वित्त मंत्री टिमोथी गेथनर ने 2010 में आर्थिक साझेदारी के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- राही सरनोबत ने 2013 को दक्षिण कोरिया के चांगवान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल परिसंघ विश्व कप प्रतियोगिता की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## अनुष्का शर्मा का करियर तबाह करना चाहते थे करण जौहर

हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्ममेकर्स का जिक्र किया जाए तो उसमें करण जौहर का नाम जरूर शामिल होगा। अपने बिंदास अंदाज के लिए करण जौहर काफी जाने जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक बार करण जौहर ने बॉलीवुड की सुपरस्टार अनुष्का शर्मा के करियर को खत्म करने की बात कही थी। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर क्यों करण ने अनुष्का के लिए ये बात कही। साल 2016 में 18वें मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल के दौरान करण जौहर और अनुष्का शर्मा अपनी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल को प्रमोट करने पहुंचे थे। इस मौके का एक वीडियो रेडिट ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिसमें करण अनुष्का के करियर को खत्म करने की बात कर रहे हैं। करण ने कहा- उस वक्त मैं सच बताऊं तो अनुष्का शर्मा का करियर खत्म करना चाहता था। मैं और आदित्य चोपड़ा सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म रब ने बना दी जोड़ी के लिए एक्ट्रेस की तलाश कर रहे थे। उस समय आदि ने मुझे अनुष्का की फोटो दिखाई और मैंने उनसे कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो। इसके कास्ट करोगे। मैं उस वक्त एक दूसरी एक्ट्रेस को साइन करना चहाता था। लेकिन आदि ने अनुष्का को साइन किया और मैंने बिना मन के रब ने बना दी जोड़ी देखी।अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए करण जौहर ने बताया- लेकिन जब मैंने अनुष्का शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात देखी तो उसके बाद मैं उनकी एक्टिंग से काफी प्रभावित हुआ और मुझे अपनी गलती का एहसास हो गया। इसके बाद मैंने उनसे माफी भी मांगी। इस तरह से करण जौहर ने अनुष्का शर्मा को पहली बार देखने के बाद बड़ा बयान दिया था।



# पॉप स्टार की रोती हुई तस्वीरें देख पिघले फैंस

जेरार्ड पिक से अलग होने के बाद शकीरा ने बार्सिलोना को अलविदा कह दिया है। शकीरा इस पल काफी इमोशनल हो गईं और उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। कोलंबियाई पॉप स्टार शकीरा कथित तौर पर पिक के पिता के बेदखली नोटिस दिए जाने के बाद मियामी जा रही हैं। स्पैनिश प्रेस की रिपोर्टों में कहा गया है कि सिंगर को 13 मार्च को पिक के पिता से एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि वह 30 अप्रैल तक उनका घर खाली कर दें या मुआवजा दें। 35 वर्षीय पिक जो एफसी बार्सिलोना के लिए खेलते थे, अब 24 वर्षीय क्लारा चिया मार्टी के साथ चले गए हैं और शकीरा को लगता है कि वह उनसे जितना हो सके उतना दूर हो रही हैं। डबल-डेनिम पहने हुए शकीरा एयरपोर्ट पर इमोशनल दिखीं, स्टार ने अपने प्राइवेट जेट पर जाने से पहले अपने दोस्तों और परिवार को गले लगाया। हिप्स डोंट लाइ स्टार के साथ उनके दो बेटे मिलन और साशा थे, जिनके बारे में अफवाह है कि वे 11 अप्रैल से अमेरिका में स्कूल शुरू कर रहे हैं।





**फैंस के लिए लिखा नोट**

शकीरा ने अपनी विदाई को संबोधित करते हुए एक ट्वीट लिखा- मैं अपने बच्चों को स्थिरता देने के लिए बार्सिलोना में बस गई लेकिन अब हम परिवार, दोस्तों और समुद्र के बगल में दुनिया के दूसरे कोने में जा रहे हैं। आज हम अपनी खुशी की तलाश में एक नया अध्याय शुरू करते हैं। वहां सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, मेरे आंसू पोंछे, मुझे प्रेरित किया और मुझे बनाया। मेरे स्पेनिश फैंस को धन्यवाद जिन्होंने हमेशा अपने प्यार और वफादारी दिखाई है। उन्होंवे कैटलन की राजधानी से रवाना हुए फ्लाइट की एक तस्वीर शेयर करते हुए कहा- लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी हम उन्हें सपने में देखते हैं। कभी-कभी हम दौड़ते हैं लेकिन हम नहीं पहुंचते हैं। कभी संदेह न करें कि मैं यहां रहने जा रही हूं। शकीरा की विदाई तब हुई जब स्टार ने जिमी फॉलन शो में अपना डिस ट्रैक शकीरा बज्रप म्यूजिक सेशन 53 परफॉर्म किया।



## राम चरण की पत्नी ने दुबई में मनाई गोद भराई की रस्म

साउथ सुपरस्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना इन दिनों दुबई ट्रिप पर हैं। जहां ये स्टार कपल बेबीमून के लिए निकला है। आरआरआर स्टार राम चरण शादी के 10 साल बाद पैरेंट्स बनने जा रहे हैं। यही वजह है कि फिल्म स्टार राम चरण और उपासना माता-पिता बनने से पहले अपनी जिंदगी के इन यादगार पलों को बेहद खूबसूरती से जी रहे हैं। बीते दिनों ही सुपरस्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना ने दुबई में बेबी शॉवर पार्टी एन्जॉय की। आरआरआर स्टार राम चरण की पत्नी उपासना ने दुबई में हुई अपनी बेबी शॉवर पार्टी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुपरस्टार राम चरण अपनी पत्नी उपासना संग बेहद रोमांटिक होते नजर आए।



## कांतारा के ऋषभ शेट्टी को पहली नजर में पसंद आ गईं थीं रश्मिका मंदाना

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के दीवाने आप भी होंगे, इसलिए तो उनकी फैन फॉलोइंग देश-दुनिया में इतनी तेजी से बढ़ रही है। साउथ फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड में धमाल मचा रहीं एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना आज यानी 5 अप्रैल को अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं। उनका जन्म 1996 को कर्नाटक के एक शहर विराजपेट में हुआ था। उन्हें बचपन से ही एक्ट्रेस बनने का शौक था और वो टीवी के सामने एक्टर्स की कॉपी किया करती थीं। हालांकि एक्टिंग के लिए उन्होंने कभी



अपनी पढ़ाई को नजरअंदाज नहीं किया, वो एक ब्राइट स्टूडेंट थीं। आपको जानकर हैरानी होगी कि कन्नड़ डायरेक्टर और 'कांतारा' के एक्टर ऋषभ शेट्टी ने रश्मिका को पहला ब्रेक दिया।

**टूट गई सगाई**

2016 में आई फिल्म 'किरिक पार्टी' से रश्मिका मंदाना ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। महज 4 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ से अधिक की कमाई की और रश्मिका रातों-रात स्टार बन गईं। इसी फिल्म के एक्टर रक्षित शेट्टी से रश्मिका की नजदीकियां बढ़ने लगीं और एक दिन दोनों ने अपनी इंगेजमेंट अनाउंस कर दी। साल 2017 में दोनों की सगाई हुई, लेकिन सितंबर, 2018 में वो अलग हो गए। हालांकि दोनों के अलग होने की वजह सामने नहीं आई।

**पहली फिल्म**

'किरिक पार्टी' के बाद रश्मिका की कई फिल्में आईं, लेकिन वो कुछ खास कमाल नहीं कर सकीं। साल 2018 में 'गीता गोविंदम' से उनके करियर को नई उड़ान मिली। महज कुछ फिल्मों से ही रश्मिका ने कर्नाटका क्रश नाम से पॉपुलर हो गईं।

**रश्मिका मंदाना का क्रश**

रश्मिका ने बताया कि हंसने ( स्माइल ) से उन्हें ताकत मिलती है। स्माइल से उन्हें टेंशन, सैडनेस और तनाव से जूझने में मदद मिलती है।

वो तब तक हंसते रहना चाहती हैं, जब तक कि उनकी स्माइल दिल से न निकले। बहुत कम लोगों के पता है कि रश्मिका को एनिमेशन शोज बहुत पसंद हैं। उन्हें नारूटो, सकूर और ब्लेच उनके फेवरेट एनमेशन शोज हैं। उन्हें तब बुरा लगता है, जब लोग एनमेशन और कार्टून के एक ही बताते हैं। वो साउथ स्टार थलापति विजय को अपना क्रश मानती हैं।

# खुद पता करें, किसी पुराने बैंक खाते में आपका पैसा तो नहीं

■ इसके लिए जल्द पोर्टल बनाएगा रिजर्व बैंक

■ पोर्टल पर सभी बैंकों के अनक्लेम्ड डिपाजिट की होगी जानकारी

मुंबई (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों में पड़े अनक्लेम्ड जमा राशि के बारे में एक ही स्थान पर पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वेब पोर्टल विकसित करने की घोषणा की है। मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यहां यह घोषणा करते हुए कहा कि सभी बैंकों में जमा अनक्लेम्ड राशि की जानकारी एक ही जगह मिलेगी। आरबीआई इसके लिए एक वेब पोर्टल बनाएगा जो एआई आधारित होगा। इस वेब पोर्टल पर खाताधारक कुछ जानकारियां डालकर यह पता लगा सकेंगे कि कहीं उनका पैसा तो किसी बैंक के खाते में नहीं पड़ा है, जिसे अनक्लेम्ड घोषित किया जा चुका है।

■ खाते की कुछ सूचनाएं भर कर पता कर सकेंगे अपने किसी भी पुराने बैंक खाते में पड़ी अपनी पुरानी रकम की जानकारी

उल्लेखनीय है कि सरकारी बैंकों में फरवरी 2023 तक 35,000 करोड़ रुपए ऐसे पड़े थे जिनका कोई दावेदार नहीं है। रिजर्व बैंक के अनुसार, अगर कोई उपभोक्ता अपने खाते से 10 साल तक कोई लेनदेन नहीं करता है तो उस खाते में जमा रकम अनक्लेम्ड हो जाती है। जिस खाते से लेनदेन नहीं किया जा रहा है, वह निष्क्रिय हो जाता है। रिजर्व बैंक लावारिस डिपाजिट को डिपॉजिटर्स एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में डाल देता है। सरकारी बैंकों के 10.24 करोड़ खातों में 35,012 करोड़ रुपए फरवरी 2023 तक जमा थे, जिनको पिछले 10 साल से आपरेट नहीं किया गया है।

## महंगाई से 'लड़ाई' जारी रहेगी : आरबीआई

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को मामूली घटाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। फरवरी की मौद्रिक समीक्षा में इसके 5.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

हालांकि, केंद्रीय बैंक ने सतर्क किया है कि अभी महंगाई से 'लड़ाई' समाप्त नहीं हुई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को 2023-24 की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के कच्चे तेल के उत्पादन को घटाने के फैसले से मुद्रास्फीति का परिदृश्य गतिशील बना हुआ है। दास ने कहा कि सामान्य मानसून के बीच यदि कच्चे तेल के दाम औसतन 85 डालर प्रति बैरल रहते हैं, तो चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.2 प्रतिशत रहेगी।

जून तिमाही में मुद्रास्फीति के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सितंबर और दिसम्बर तिमाही में यह बढकर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच सकती है।

# रेपो दरों में वृद्धि पर ब्रेक

■ मौद्रिक नीति में रिजर्व बैंक ने नहीं बढ़ाई दरें ■ लोन की किस्तें बढ़ने की आशंका भी अब टली

मुंबई (भाषा)।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आम लोगों को बड़ी राहत देते हुए नीतिगत दरों में लगातार की जा रही वृद्धि पर ब्रेक लगा दी जिससे आम लोगों के घर, कार और अन्य प्रकार के ऋणों की किश्तों में बढ़ोतरी नहीं होगी।

समिति ने रेपो दर को यथावत 6.5 प्रतिशत पर रखने का निर्णय लिया है। समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद यहां जारी बयान में यह घोषणा की गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि पिछले वर्ष मई से अब तक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा चुकी है। फिलहाल इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही है लेकिन नीतिगत दरों में बढ़ोतरी पर ब्रेक लगाने के बावजूद मौद्रिक नीति समिति भविष्य में कोई भी कदम उठाने में नहीं हिचकिचाएगी। केंद्रीय बैंक ने आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 6.5% व मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर 5.2 फीसद किया है।

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान बृहस्पतिवार को मामूली घटाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया। हालांकि रिजर्व बैंक ने यह माना कि प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बढने से मुद्रास्फीति के मामले में भविष्य में जोखिम पैदा हो सकता है।

### रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति एक नजर में

■ चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान 6.5 फीसद रखा
■ पहली तिमाही में 7.8% बढ़ सकती है जीडीपी की वृद्धि दर
■ दूसरी तिमाही में 6.2%, तीसरी तिमाही में 6.1% चौथी तिमाही में यह 5.9% रह सकती
■ खुदरा महंगाई 5.2% रहने का अनुमान
■ अगली बैठक 6 से 8 जून



रेपो दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला स्थायी नहीं है। इस कदम को भविष्य के संकेतक के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि केंद्रीय बैंक जरूरत होने पर दरों में और वृद्धि करने में हिचकिचाएगा नहीं।

शक्तिकांत दास
गवर्नर, आरबीआई

| | |
|---|---|
| ■ रेपो दर | 06.50% |
| ■ स्टैंडर्ड जमा सुविधा | 06.25% |
| ■ एमएसएफआर | 06.75% |
| ■ बैंक दर | 06.75% |
| ■ फिक्स्ड रिजर्व रेपो | 03.35% |
| ■ सीआरआर | 04.50% |
| ■ वैधानिक तरलता अनुपात | 18.00% |

**यूपीआई पर पूर्व अनुमोदित क्रेडिट लाइन**

रिजर्व बैंक ने यूपीआई के माध्यम से बैंकों में प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति दी है। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंकों में प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति देकर यूपीआई का दायरा बढ़ाया जाएगा। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और ग्राहकों को क्रेडिट तक पहुंच बढ़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वाति वर्मा अध्यक्ष बनी



लखनऊ। फिक्की के लखनऊ चैप्टर के 9वें चेंज ऑफ गार्ड समारोह में स्वाति वर्मा को फ्लो लखनऊ चैप्टर की नई अध्यक्ष चुना गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधा शिवकुमार, पूर्व अध्यक्ष जयंती डालमिया व सीमू घई की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष स्वाति वमा ने कहा कि फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की 9वें अध्यक्ष के रूप में चुना जाना मेरे लिए सम्मान व गौरव की बात है। उन्होंने आगामी वर्ष की कार्य योजना के विषय पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में 4 बिंदुओं पर विशेष महत्व दिया।

### वारी रिन्यूवेबल को ठेका

नई दिल्ली। वारी रिन्यूवेबल टेक्नोलॉजीज को एक इस्पात विनिर्माता कंपनी से 221.8 मेगावॉट पीक की सौर ऊर्जा परियोजना के निर्माण का ठेका मिला है। कंपनी ने बीएसई को भेजी सूचना में कहा, 'हमें भारत की अग्रणी इस्पात विनिर्माता कंपनी की ओर से 221.8 मेगावॉट पीक क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कार्य के लिए ठेका मिला है।' यह परियोजना चालू वित्त वर्ष में पूरी होने की उम्मीद है।

### निवेश का चक्र पूरा हुआ

नई दिल्ली। डीएमआई फाइनेंस ने मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप इंक. की अगुवाई में अपना कंसोलिडेटेड सब्सिडियरी बैंक एमयूएफजी के माध्यम से मौजूदा निवेशक सुमितोमो मित्सुई ट्रस्ट की भागीदारी के साथ 40 करोड़ डालर के इक्विटी निवेश चक्र को पूरा करने की घोषणा की है। डीएमआई फाइनेंस डिजिटल ऋणदाता है। यह सैमसंग, गूगल पे सहित प्रमुख कंपनियों के लिए डीएमआई फाइनेंस के साथ काम करती है। यहां जारी एक बयान में डीएमआई फाइनेंस के सह-संस्थापक शिवाशीष चटर्जी और युवराज सी. सिंह ने वित्तीय बाजार में अगले एक दशक में वृद्धि की उम्मीद जताई।

### नई एसयूवी लाएगी हुंडई

नई दिल्ली। वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआई) भारतीय बाजार में नया स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) उतारने की तैयारी कर रही है। बहरहाल कंपनी घरेलू बाजार में एसयूवी श्रेणी में वेन्यू, क्रेटा, अल्कजार और टूसों जैसे मॉडल बेचती है। एचएमआई के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने बयान में कहा कि हुंडई नए परिवहन अनुभवों को आगे बढ़ाने वाली कंपनियों में से एक है।

### बीओएम का ऋण आवंटन बढ़ा

नई दिल्ली। बैंक आफ महाराष्ट्र (बीओएम) का ऋण आवंटन बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च, 2023) में 29.59 प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपए हो गया। बीओएम ने कहा कि इससे पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 1.35 लाख करोड़ रुपए था। बीओएम ने शेयर बाजार को बताया कि मार्च तिमाही में उसका कुल कारोबार 21.38 प्रतिशत वृद्धि के साथ चार लाख करोड़ रुपए को पार कर 4.09 लाख करोड़ रुपए हो गया।(एजेंसियां)


# क्रेडिट स्कोर बताने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत करना होगा आसान

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लोगों की साख के बारे में सूचना और सेवा देने वाले वित्तीय संस्थानों और कंपनियों को लेकर शिकायत निपटान व्यवस्था मजबूत करेगा। साथ ही ग्राहक सेवा को मजबूत करने एवं उसमें सुधार के लिए एक व्यापक रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

कर्ज को लेकर ग्राहकों की साख के बारे में जानकारी देने वाली कंपनियों (सीआईसी) के कामकाज के संबंध में ग्राहकों की शिकायतें बढने के साथ यह निर्णय लिया गया है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कहा, 'आरबीआई ने लोगों को उनकी साख के बारे में सूचना और सेवा देने वाले वित्तीय संस्थानों (सीआई) और कंपनियों (सीआईसी) द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को लेकर शिकायत निपटान व्यवस्था और ग्राहक सेवा को मजबूत करने एवं उसमें सुधार के लिए एक व्यापक रूपरेखा तैयार करने का निर्णय किया है।'




उन्होंने कहा, 'इसके लिए सीआईसी को रिजर्व बैंक की एकीकृत ओम्बुड्समैन योजना के दायरे में लाया गया है।' इसके अलावा, 'क्रेडिट' जानकारी को अद्यतन करने या सुधार में देर होने पर मुआवजा व्यवस्था का भी प्रस्ताव किया गया है।

साथ ही क्रेडिट सूचना कंपनियों से किसी ग्राहक के बारे में साख संबंधी जानकारी प्राप्त करने पर संबंधित ग्राहक को एसएमएस/ईमेल के जरिए सूचित करने का प्रावधान, क्रेडिट संस्थानों से क्रेडिट सूचना कंपनियों को मिलने वाले आंकड़ों के लिये समय सीमा और सीआईसी की वेबसाइट पर प्राप्त ग्राहक शिकायतों की संख्या और प्रकृति से संबंधित जानकारी देने का प्रावधान करने का भी निर्णय किया गया है।

दास ने कहा कि इस बारे में विस्तृत दिशानिर्देश जल्द जारी किया जाएगा। इसके बाद बैंक ग्राहकों को आसानी होगी।

## रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाया

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक ने रबी फसल बेहतर रहने की संभावना, जिंसों के दाम में नरमी तथा सरकार की अधिक पूंजीगत व्यय की योजना के साथ बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को मामूली बढाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया। पहले इसके 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी।

देश की आर्थिक वृद्धि दर 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रबी फसल उत्पादन बेहतर रहने का अनुमान है।

# भारत ने बनाया वर्ल्ड क्लास डिजिटल ढांचा

नई दिल्ली (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने कहा है कि भारत ने व्यापक उपयोग वाला एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक ढांचा खड़ा किया है जो दूसरे देशों के लिए भी अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में बदलाव लाने का सबक हो सकता है।

डिजिटल सार्वजनिक ढांचे के तहत आधार, यूपीआई और आधार-समर्थित भुगतान सेवा के साथ डिजि लॉकर एवं खाता एग्रिगेटर जैसे डेटा विनिमय की व्यवस्था शामिल है। आईएमएफ के एक कार्य-पत्र में कहा गया है कि भारत में तीनों तरह के डिजिटल सार्वजनिक ढांचे मिलकर तमाम सार्वजनिक एवं निजी सेवाओं तक आनलाइन, कागज-रहित, नकदी-रहित और निजता को अहमियत देने वाली डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करते हैं। आईएमएफ के मुताबिक, इस ढांचे में किए गए निवेश के लाभ देशभर में महसूस किए जा रहे हैं और इसने महामारी के दौर में भारत को खासी मदद पहुंचाई।

**मुद्राकोष ने कहा इससे सबक ले सकते हैं अन्य देश**

आधार ने सरकारी खजाने से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी राशि पहुंचाकर सरकारी धन की बर्बादी रोकी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई और अधिक परिवारों तक पहुंच बनाने का एक जरिया बना। भारत सरकार का अनुमान है कि मार्च, 2021 तक डिजिटल सार्वजनिक ढांचे की वजह से सकल घरेलू उत्पाद के करीब 1.1 प्रतिशत व्यय की बचत हो पाई।

आईएमएफ कार्य-पत्र कहता है कि महामारी के शुरुआती दिनों में करीब 87 प्रतिशत परिवारों को कम-से-कम एक लाभ मिला था। इसके अलावा खाता एग्रिगेटर के जरिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच आसान होने से करीब 45 लाख लोगों एवं कंपनियों को भी लाभ पहुंचा है। इसके मुताबिक, डिजिटलीकरण की प्रक्रिया ने अर्थव्यवस्था संगठित बनाने में मदद की है। जुलाई, 2017 से लेकर मार्च, 2022 के दौरान करीब 88 लाख नए करदाताओं के पंजीकृत होने से सरकारी राजस्व में भी वृद्धि हुई।

## डोजी को विस्तार के लिए एसबीआई से मिली फंडिग

नई दिल्ली (वि)। भारत के पहले कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग (आरपीएम) और एआई-आधारित र्अी वार्निंग सिस्टम (ईडब्ल्यूएस) डोजी ने अपनी सीरीज ए2 फंडिंग के हिस्से के रूप में 6 मिलियन डॉलर जुटाए है। इस दौर में डोजी के मौजूदा निवेशक आधार की ओर से धन का प्रवाह देखा गया, जिसमें प्राइम वेंचर पार्टनर्स, 3वन4 केपिटल, योअर नेस्ट वीसी और नए निवेशक शामिल थे। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, जे एंड ए पार्टनर्स फैमिली ऑफिस, और दिनेश मोदी वेंचर्स (पूर्व-जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्रमोटर्स - शरण आशेर और प्रणभ मोदी) शामिल है। डोजी ने 50 से अधिक जिलों को कवर करते हुए 380 से अधिक अस्पतालों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

# नियामकीय ढांचा सुगम बनाएगा रिजर्व बैंक

मुंबई (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उसके नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों के लिए नियामकीय प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिये पहल की है। इसके तहत पोर्टल 'प्रवाह' बनाने का निर्णय किया गया है।

चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि नियामकीय प्रक्रिया को आसान बनाने के मकसद से 'प्रवाह' (नियामकीय आवेदन के लिए मंजूरी और अधिकार पत्र देने का मंच) नाम से एक सुरक्षित वेब आधारित केंद्रीकृत पोर्टल विकसित करने का निर्णय किया गया है। केंद्रीय बैंक के नियमन के दायरे में आने वाले कार्यों को करने के लिए विभिन्न संस्थानों को लाइसेंस/अधिकार पत्र प्राप्त करने की जरूरत होती है। साथ ही विनियमित संस्थाओं को समय-समय पर विभिन्न कानूनों/नियमों के तहत आरबीआई से कुछ नियामकीय अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। फिलहाल, इसके लिये आवेदन और मंजूरी प्रक्रियाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होती है।

# केंद्र ने तय किए राज्यों को बिजली आवंटन के मानदंड

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने केंद्रीय पूल से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बिजली आवंटन के मानदंड तय किए है। इसके तहत केंद्रीय पूल से उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बिजली आवंटित नही की जाएगी जो स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर कर लगाएंगे, राज्यों के बीच प्रवाह को बाधित करेंगे और जिन्होंने बिजली शुल्क पर सब्सिडी बकाया नहीं चुकाया है।

बिजली मंत्रालय ने एक कार्यालय आदेश में यह भी कहा कि केंद्रीय पूल से बिजली उन राज्यों को आवंटित नही की जाएगी, जिनके पास नियामक संपत्ति है। नियामक संपत्ति तब अस्तित्व में आती है, जब बिजली नियामक यह स्वीकार करते है कि बिजली उपभोक्ताओं पर लगाए गए शुल्क, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की बिजली खरीद लागत को पूरा नही करते है। मंत्रालय ने 31 मार्च, 2023 के आदेश में कहा कि केंद्रीय उत्पादन केंद्रों के आवंटित कोटे से बिजली के आवंटन के लिए जब भी किसी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से अनुरोध मिलेगा, तो इन पहलुओं की जांच की जाएगी।

आदेश में कहा गया कि गैर-आवंटित कोटे के लिए ऐसे राज्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो वित्तीय अनुशासन का पालन करते है और दूसरे राज्यों को बिजली के प्रवाह पर शुल्क लगाने से बचते है।

## ईलोईलो का 5 करोड़ यूजर्स संख्या पार करने का लक्ष्य

नई दिल्ली (वि)। बेंगलुरु से संचालित होने वाले लाइवस्ट्रीमिंग एवं सोशल गेमिंग एप ईलोईलो के प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या 2 करोड़ हो गई है। इसी के साथ यह देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला लाइव एवं सोशल गेमिंग एप बन गया है। कंपनी ने 2023 के अंत तक यूजर्स की संख्या को 5 करोड़ के पार ले जाने का लक्ष्य रखा है। अक्टूबर, 2020 में लॉन्च इस एप ने कई एंगेजिंग फीचर्स के साथ एंटरटेनमेंट और गेमिंग स्पेस में खुद को बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। लोकप्रिय क्रिएटर्स और इन्फ्लूएंसर्स की रोमांचक लाइव-स्ट्रीमिंग से लेकर अन्य यूजर्स के साथ इंटरैक्टिव गेमिंग एक्सपीरियंस तक ईलोईलो अपने यूजर्स को समान विचारधारा वाले लोगों से जुड़ने और नए दोस्त बनाने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

# ब्लू स्टार एसी के 75 माडल लांच

नई दिल्ली (वि.)। इस गर्मी के मौसम के लिए ब्लू स्टार लिमिटेड ने एसी की एक नई व्यापक रेंज का अनावरण किया, जिसमें 'बेस्ट-इन-क्लास अफोर्डेबल' रेंज के साथ-साथ 'फ्लैगशिप प्रीमियम' रेंज भी शामिल है।

कंपनी ने हर ग्राहक वर्ग की जरूरतों को पूरा करने के लिए इन्वर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी जैसे अलग-अलग वैरिएंट में और अलग-अलग मूल्य स्तरों पर लगभग 75 माडल लांच किए हैं। श्री सिटी में ब्लू स्टार क्लाइमेट का नया ऑटोमेटेड और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाया गया है। ब्लू स्टार क्लाइमेट ने जनवरी 2023 में इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से रूम एसी का व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी की नई रेंज में 0.8 टीआर से लेकर 2 टीआर तक की विभिन्न कूलिंग क्षमता वाले थ्री-स्टार, फोर-स्टार और फाइव-स्टार इन्वर्टर स्प्लिट एयर कंडीशनर शामिल है और 29,990 रुपए से शुरू होने वाली आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध है। 1.5 टीआर थ्री-स्टार इन्वर्टर सेगमेंट रेंज में सबसे विस्तृत है। इस सेगमेंट में भी, ब्लू स्टार ने नए खरीदारों के लिए कई किफायती और किफायती एंट्री-लेवल माडल पेश किए है।



नई रेंज में तेजी से कूलिंग के लिए 'टर्बो कूल', कूलिंग क्षमता को ऊपर या नीचे की ओर बदलने के लिए कन्वर्टिबल फाइव-इन-कूलिंग, क्वायल जंग और लीकेज को रोकने के लिए आईडीयू और ओडीयू के लिए नैनोब्लू प्रोटेक्ट टेक्नोलॉजी और हाइड्रोफिलिक ब्लू फिन कोटिंग और डिवाइस के लंबे जीवन के लिए साथ साथ ऊर्जा बचाने के लिए इको-मोड भी शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी ने कई अन्य अनूठे माडल लांच किए हैं जिनकी अपनी अलग विशेषताएं हैं।

**उद्योग जगत ने मौद्रिक नीति को सराहा**

# रियल एस्टेट सेक्टर ने कहा इससे घरों की बिक्री बढ़ेगी

नई दिल्ली (भाषा)।

उद्योग जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों में बढ़ोतरी नही करने के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, उद्योग का अनुमान था कि केंद्रीय बैंक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की और वृद्धि करेगा। उधर रियल एस्टेट उद्योग ने भी मौद्रिक नीति को सराहा है और कहा है कि इससे घरों की बिक्री बढ़ेगी।

सीआईआई के अध्यक्ष संजीव बजाज ने कहा कि हम केंद्रीय बैंक के इस आकलन से आकलन से सहमत है कि पूर्व में दरों में हुई को अभी बैंकिंग प्रणाली में लागू होने देना चाहिए और ब्याज दरें और बढ़ाकर मांग को प्रभावित नहीं करना चाहिए। फिक्की के अध्यक्ष सुभ्रकांत पांडा ने कहा, 'बढ़ते व्यापक-आर्थिक और वित्तीय बाजारों के परिदृश्य को देखते हुए आरबीआई द्वारा नीतिगत दर रेपो में ठहराव एक स्वागतयोग्य कदम है।' एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने नीतिगत दर रेपो पर आरबीआई के ठहराव को 'वैश्विक वित्तीय बाजारों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के मद्देनजर विवेकपूर्ण रुख' करार दिया।

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाई. विश्वनाथ गौड़ ने कहा, 'नीतिगत दर रेपो में बदलाव न करने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे लगातार बढ़ रही ब्याज दर से परेशान ग्राहकों को कुछ राहत मिलेगी।' पीटीसी इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रबंध निदेशक और सीईओ डा. पवन सिंह ने कहा कि नीतिगत दर रेपो को 6.50 प्रतिशत रखने का फैसला सकारात्मक है। पीएचडी चैम्बर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष साकेत डालमिया ने कहा कि आरबीआई द्वारा सोच-समझकर उठाए गए कदम वैश्विक चुनौतियों और सुस्त मांग के महत्वपूर्ण मोड़ पर वृद्धि और उपभोग में मदद करेंगे।

रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन पटोदिया ने कहा, 'रेपो दर को बनाए रखने के आरबीआई के फैसले से भारतीय रियल एस्टेट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। नारेडको के अध्यक्ष राजन बंदेलकर ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ी है।

गौड़ समूह के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा, 'हम रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के आरबीआई के फैसले का स्वागत करते है। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि आरबीआई का फैसला घर खरीदारों के लिए एक स्वागत योग्य राहत के रूप में आया है।' काउंटी समूह के निदेशक अमित मोदी ने कहा ब्याज दर में हाल की बढ़ोतरी ने निवेशकों को एक तरह से हतोत्साहित कर दिया था। रेपो दर को स्थिर रखने से रियल एस्टेट क्षेत्र फलेगा-फूलेगा। एसकेए समूह के निदेशक संजय शर्मा ने कहा 'यह कदम रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए बड़ा बदलाव लाने वाला है। रियल एस्टेट क्षेत्र के साथ अन्य उद्योग भी नीतिगत दर को स्थिर रखने की मांग कर रहे थे।

## प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद महंगाई छह प्रतिशत या नीचे रखी गई : निर्मला

बेंगलुरु (भाषा)।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बनी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत या इससे नीचे रखा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई के मुद्दे पर बेहद संवेदनशील और कदम उठाने वाली है।

सीतारमण ने कहा कि कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध का भारत में आयात होने वाली वस्तुओं की कीमतों पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सब्सिडी सहित कई उपाय किए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'क्या आप हर जगह मौजूद स्थिति की तुलना करेंगे, खासकर कोविड और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ? जिन (कीमतों पर) वस्तुओं का हम आयात करते है, वे सभी आसमान छू रही है। इनका उत्पादन भारत में नही होता है। हम पूरी तरह से आयात करते है। क्या वह मूल्यवृद्धि मेरी है ? लेकिन वह कीमत मुझे प्रभावित करती है। और वहां, मुझे समर्थन देना है।'

उन्होंने कहा, 'प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मुद्रास्फीति छह प्रतिशत या इससे नीचे रखी गई है। कई बार यह ऊपर चली जाती है। फिर हम रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम करते है।' उन्होंने कहा कि यहां यह संभव नहीं होता है, जैसे कच्चा तेल और घरेलू गैस, जो आयात होता है, तो सरकार सब्सिडी देने की कोशिश करती है।

## 'पुष्पा द रूल' का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आने वाली फिल्म पुष्पा द रूल का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। पुष्पा द रूल के मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक आउट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है,जिसके साथ लिखा है कहां है पुष्पा आपका इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। आपको अपने सभी सवालों का जवाब 7 अप्रैल 4:05 पर मिल जाएगा, क्योंकि तब आपको यह पता चलेगा कि आपका पुष्पा तिरुपति जेल से फरार होकर आखिर कहां गायब है। मेकर्स ने इस बार पुष्पा की धमक जमाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। वीडियो में खून खराबा प्रोटेस्ट सभी कुछ नजर आ रहा है। जिसके साथ केवल एक ही सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर कहां है पुष्पा।

## दशहरा की कमाई 6 दिनों में 100 करोड़ के पार




हैदराबाद (आईएएनएस)। टॉलीवुड स्टार नानी की पहली अखिल भारतीय फिल्म दशहरा ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अपनी रिलीज के केवल छह दिनों में दशहरा ने 100 करोड़ रूपए की कमाई कर ली। फिल्म ने दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जिससे यह मील का पत्थर हासिल करने वाली नानी की पहली फिल्म बन गई है। फिल्म ने न केवल घरेलू बाजार में बल्कि विदेशी बाजारों में भी अपनी छाप छोड़ी है, खासकर अमेरिका में जहां यह 2 मिलियन डॉलर तक पहुंचने के करीब है। हाल ही में रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए दशहरा कड़ी टक्कर भी साबित हुआ है। दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नानी ने ट्वीट किया: हमारा प्रयास, आपका उपहार। फिल्म की सफलता का जश्न मनाने के लिए करीमनगर में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निर्देशक को एक बीएमडब्ल्यू कार मिली और टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 ग्राम सोने का सिक्का उपहार में दिया गया।

## बिपाशा बसु ने साझा की बेटी की फोटो



मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म निर्माता-अभिनेत्री बिपाशा बसु और उनके पति करण सिंह ग्रोवर पिछले नवंबर में एक बच्ची के माता पिता बने। अब उन्होंने बेटी का एक फोटो सार्वजनिक किया है। दोनों ने अपनी बेटी की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। रेस की अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर बेटी देवी की दो तस्वीरें साझा कीं। मनमोहक तस्वीरों ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। बिपाशा ने कैप्शन में लिखा: हैलो वर्ल्ड, आई एम देवीबासुसिंह ग्रोवर। फिल्म जगत के मित्रों ने तस्वीर पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और अपना आशीर्वाद दिया। दीया मिर्जा ने कमेंट सेक्शन में देवी को आशीर्वाद दिया और लिखा: भगवान आपको आशीर्वाद दें, देवी। मैं आपसे प्यार करती हूं!

# कई रहस्य छिपे हैं आपकी नाभि में



**मैरीलैंड (द कन्वरसेशन)। यह हर किसी के पास है, लेकिन आप इसके बारे में ज्यादा नहीं जानते। जीवविज्ञानी सारा ल्यूपेन,नाभि के अंदर और बाहर की जानकारी दी है।**

### नाभि क्यों है?

नाभि चिकित्सकीय रूप से, वह स्थायी निशान है, जहां से आपकी गर्भनाल ने आपके संचार तंत्र को प्लेसेंटा से जोड़ा था, जब आप एक भ्रूण के रूप में गर्भ में थे। भ्रूण साँस नहीं लेते, न खाते हैं और न ही अपशिष्ट को शरीर से बाहर निकालते हैं, इसलिए प्लेसेंटा माँ को ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को उसके रक्तप्रवाह से भ्रूण तक पहुँचाने के लिए एक विनिमय स्थल प्रदान करता है, साथ ही साथ उसके शरीर से अपशिष्ट को निकालने के लिए इकट्ठा करता है। बच्चे के जन्म के बाद, चिकित्सक या अन्य परिचारक नाल को काट देता है और उस स्थान को बंद कर देता है, जो सूख जाता है और लगभग एक सप्ताह के बाद गिर जाता है, जिससे कनेक्शन का बिंदु - आपकी नाभि - शेष रह जाती है। यदि नाल को नहीं काटा जाता है, जैसी कि किसी समय किन्हीं स्थानों पर परंपरा रही है और कुछ अन्य स्थानों पर यह फिर से चलन में आ रहा है, यह बच्चे के जन्म के एक या दो घंटे के बाद बंद हो जाएगा, फिर स्वाभाविक रूप से जन्म के कुछ दिनों बाद अलग हो जाएगा। कुछ स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों को चिंता है कि इससे संक्रमण का जोखिम हो सकता है, क्योंकि गर्भनाल प्लेसेंटा से जुड़ी रहती है, जो एक बार मां के शरीर से बाहर आने के बाद एक मृत ऊतक होता है।

### अगर यह निशान है, तो यह समय के साथ गायब क्यों नहीं होता?

यदि आपकी त्वचा की केवल बाहरी परतों को चोट लगती हैं, जैसे कटने या जलने पर, निशान जल्द ही पूरी तरह से गायब हो जाएगा, खासकर युवा लोगों में। और नवजात शिशु बहुत नाजुक होते हैं। लेकिन उन स्थितियों के विपरीत, नाभि में अधिक ऊतक परतें शामिल होती हैं - न केवल त्वचा बल्कि नीचे संयोजी ऊतक तक - इसलिए यह समझ में आता है कि यह ठीक होने के बाद आपके पेट की बाकी परत के साथ जुड़ता नहीं है। कुछ बहुत ही जटिल सर्जरी के बारे में क्या जो निशान नहीं छोड़ती हैं? डॉक्टर कई ऑपरेशन ऐसे तरीके से करते हैं जिससे निशान नहीं पड़ते, जो प्रकृति का तरीका नहीं है। वास्तव में, सर्जरी के लिए निशान को कम करने का एक तरीका नाभि का उपयोग करते हुए आपरेशन करना है - सर्जन नाभि का उपयोग आपके अपेंडिक्स या पित्ताशय को हटाने या वजन घटाने की सर्जरी के लिए चीरा स्थल के रूप में कर सकते हैं।लेकिन अगर आपको अपने गर्भनाल का निशान दिखने का तरीका पसंद नहीं है, तो इसके स्वरूप को बदलने के लिए प्लास्टिक सर्जरी, जिसे गर्भनाल सर्जरी कहा जाता है, संभव है। लोग कभी-कभी गर्भावस्था के बाद या नाल को हटाने के बाद या केवल बाहर की तरफ दिखने वाली नाभि को अंदर की तरफ करने के लिए इस कॉस्मेटिक विकल्प को अपनाते हैं।

### कुछ लोगों की नाभि बाहर की तरफ क्यों होती है?

आपकी नाभि का आकार क्लैंप के स्थान या आपके डॉक्टर द्वारा गर्भनाल को काटे जाने के स्थान से संबंधित नहीं है।बाहर की तरफ निकली हुई नाभि सामान्य मानव भिन्नता का एक उदाहरण हैं, जैसे कुछ लोगों के घुंघराले बाल या डिंपल होते हैं। जब गर्भनाल का सिरा उसके चारों ओर की त्वचा से बाहर निकलता है, तो आपके पास एक बाहरी भाग होता है; लगभग 10फीसद लोगों के पास ये हैं। किसी भी अवतल नाभि को 'इनी' और उत्तल नाभि को 'बाहरी' कहा जाता है।कभी-कभी बच्चे में गर्भनाल हर्निया या किसी अन्य चिकित्सा समस्या के कारण बाहर हो सकती हैं, लेकिन इसमें से अधिकांश सिर्फ आपके जीनों के कारण होते हैं। अधिक उम्र में गर्भावस्था के दौरान यह अस्थायी रूप से बाहर भी हो सकता है, जब बढते भ्रूण से पेट का दबाव आपकी नाभि को फैलाता है और इसे बाहर धकेल सकता है।

### यह कितनी गहराई तक जाता है?

आप शायद आसानी से अपनी खुद की नाभि की गहराई की जांच कर सकते हैं - वहां कोई छिपे हुई खांचे नहीं हैं। इसके नीचे वही है जो आपके पेट के बाकी हिस्सों की त्वचा के नीचे है: आपके पेट की मांसपेशियां, जिनसे नाभि एक छोटी गर्भनाल से जुड़ी होती है, और पेरिटोनियम, वह झिल्ली जो उदर गुहा को रेखाबद्ध करती है। उसके नीचे आपकी आंतें - यानी आपकी आंतें और पेट के अन्य अंग हैं। यदि आप इस काल्पनिक यात्रा का अनुसरण करना जारी रखते हैं, तो आप अपनी रीढ़ पर पहुंच जाएंगे - नाभि आमतौर पर तीसरे और चौथे काठ कशेरुकाओं (एल3 और एल4) के बीच पंक्तिबद्ध होती है।

### क्या दूसरे जीवों की नाभि होती है?

चूंकि नाभि एक निशान है जहां से गर्भनाल भ्रूण को प्लेसेंटा से जोड़ती है, सभी प्लेसेंटा स्तनधारियों की नाभि होती है। इसमें मार्सुपियल्स (जैसे कंगारू और पॉसम) और मोनोट्रीम (जैसे प्लैटिपस और इकिडना) को छोड़कर सभी स्तनधारी शामिल हैं।आपकी बिल्ली या कुत्ते या गिनी पिग में नाभि होती है, लेकिन चूंकि उनकी नाभि एकदम समतल होती है और उनका शरीर फर से ढका रहता है इसलिए कई बार वह दिखाई नहीं देती है।




### क्या वहां लिंट के अलावा कुछ है?

किसी भी अवतल सतह की तरह, यदि आपकी नाभि भीतर की ओर है, तो इसमें कभी-कभी मैल जमा हो जाता है। आपकी नाभि में भी आपकी बाकी त्वचा की तरह माइक्रोबायोटा होता है। त्वचा के बाकी भाग को आप साबुन से रगड़ते रहते हैं इसलिए आपकी त्वचा के मुकाबले आपकी नाभि में विविध जीवाणु समुदाय निवास करता है। नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी में अभिनव बेली बटन बायोडायवर्सिटी प्रोजेक्ट ने इन छोटे दोस्तों के बारे में बहुत कुछ बताया है। शोधकर्ताओं ने पहले 60 बेली बटनों की जांच की जिसमें बैक्टीरिया की 2,000 से अधिक प्रजातियां पाई गईं। ऐसा लगता है कि अधिकांश लोगों में आठ सामान्य बेली बटन बैक्टीरिया होते हैं, लेकिन यह परियोजना हर समय नए की खोज कर रही है।

### कुछ लोगों की नाभि क्यों खराब हो जाती हैं?

वास्तव में इस बारे में बहुत अधिक शोध नहीं हुआ है कि क्यों कुछ लोगों को बेली बटन प्रतिकारक लगते हैं।यह ओम्फालोफोबिया, बेली बटन के डर और उन्हें छूने के कारण हो सकता है। चिकित्सा या चिंता-विरोधी दवाओं से परे कोई विशिष्ट उपचार नहीं है जो डॉक्टर किसी अन्य फोबिया के लिए लिख सकते हैं।नाभि के बारे में आपकी जो भी भावनाएँ हैं, वे हानिरहित हैं। यही नहीं, वे एक स्तनपायी के रूप में आपकी विकासवादी विरासत का हिस्सा हैं।

## सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'शाकुंतलम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज



मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्म'शाकुंतलम'का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म'शाकुंतलम'को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म कालिदास के लोकप्रिय नाटक'अभिज्ञान शाकुंतलम'पर आधारित है। मेकर्स ने'शाकुंतलम'का दूसरा ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत सामंथा और देव मोहन की प्यार भरी कहानी से होती है, जो धीरे-धीरे हिंसक रूप ले लेती है। शाकुंतला का अपने प्यार के लिए तड़पना और उसे पाने की इच्छा में कुछ भी कर गुजरना फैंस की आंखों में आंसू ले आया है। ट्रेलर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा करते हुए सामंथा ने लिखा,'प्रेम की इस याा को शुरू करने के लिए तैयार हो जाइए। शाकुंतलम दुनिया भर में 14 अप्रैल को 3डी और 2डी में रिलीज होगी।' गौरतलब है कि'शाकुंतलम'का निर्देशन गुनाशेखर ने किया है। सामंथा रुथ प्रभु के अलावा, इस फिल्म में देव मोहन, जिशु सेनगुप्ता, मोहन बाबू, मधु, गौतमी, अदिति बालन और अनन्या नागल्ला जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## 'हनुमान जन्मोत्सव' पर आदिपुरुष का पोस्टर जारी



नई दिल्ली (वार्ता)। प्रभास और कृति सैनन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'आदिपुरुष' के निर्माताओं ने गुरुवार को 'हनुमान जन्मोत्सव' के अवसर पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया, जिसमें शक्ति, दृढ़ता और निष्ठा के प्रतीक भगवान बजरंग बली नजर आ रहे हैं। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'एक साथी, अभिभावक और भगवान राम के भक्त को श्रद्धांजलि, टीम इस पवित्र अनावरण के साथ हनुमान जन्मोत्सव के उत्साह को और बढ़ाती है। उन्होंने लिखा, 'राम के भक्त और रामकथा के प्राण ज जय पवनपुत्र हनुमान!' आदिपुरुष 16 जून, 2023 को सिनेमाघरों में विश्व स्तर पर रिलीज होगी। फिल्म में हनुमान की भूमिका देवदत्ता गजानन नागे निभा रहे हैं। पोस्टर में वह ध्यान मुद्रा में नजर आ रहे हैं और उनके पीछे भगवान राम की भूमिका निभा रहे प्रभास की छवि नजर आ रही है।

ओम राउत द्वारा निर्देशित 'आदिपुरुष' टी-सीरीज के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और रेट्रोफाइल्स के राजेश नायर द्वारा निर्मित है। गौरतलब है कि यह फिल्म शुरुआत से ही विवादों से घिरी रही है। इसका पहला पोस्टर पिछले साल सितंबर में जारी हुआ था, जो कलाकारों के मेकअप और लुक के कारण तुरंत ही विवादों में फंस गया।

## WHO ने की कोविड के कारण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की अपील

नई दिल्ली (भाषा)। डब्ल्यूएचओ ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को कोविड-19 महामारी के कारण गहरे हुए अंतराल को पाटने के लिए मजबूत व आपात कदम उठाने और सभी को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की अपील की। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की दक्षिण-पूर्वी एशिया की स्थानीय निदेशक पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि संगठन सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के माध्यम से सभी को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने और वित्तीय कठिनाई के बिना सभी के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं कल्याण में सुधार के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा।



सिंह ने कहा, 'इस क्षेत्र (दक्षिण पूर्वी एशिया) में कई और सीढियां चढ़नी हैं। आज, कोविड-19 संकट के साये में, क्षेत्र के लगभग 40 प्रतिशत लोग आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं हासिल करने में असमर्थ हैं।'उन्होंने कहा, '2017 में, क्षेत्र में लगभग 29 करोड 90 लाख लोगों को स्वास्थ्य पर अपना सबकुछ खर्च करना पड़ा। एक अनुमान के मुताबिक 11 करोड़ 70 लाख लोग गरीबी रेखा से नीचे चले गए। इस आंकड़े में तब से वृद्धि ही हुई है।'उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे, कार्यबल और वित्तपोषण को मजबूत करने पर विशेष ध्यान होना चाहिए। साथ ही साथ उन लोगों की मदद की जानी चाहिए जो परेशान हैं और पीछे छूट रहे हैं।

## वायु प्रदूषण प्रभावितों पर कम असरदार रहा कोरोना टीका

नई दिल्ली (भाषा)। कोरोना महामारी से पहले उच्चस्तर के वायु प्रदूषण से प्रभावित लोगों में कोरोना रोधी टीकों का असर कम पाया गया है। एक शोध में यह दावा किया गया है।

> महीन कण पदार्थ (पीएम2.5), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ब्लैक कार्बन की चपेट में आने वाले लोगों में संक्रमण से पहले एंटीबॉडी प्रतिक्रिया में 10 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई

शोधकर्ताओं ने कहा, विशेष रूप से महीन कण पदार्थ (पीएम2.5), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) और ब्लैक कार्बन की चपेट में आने वाले लोगों में संक्रमण से पहले आईजीएम और आईजीजी एंटीबॉडी प्रतिक्रिया में 10 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई। 'एनवायरनमेंटल हेल्थ परसपेक्टिव' पत्रिका में प्रकाशित शोध निष्कर्ष में प्रतिरक्षा प्रणाली पर वायु प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में और सबूत प्रदान किए गए हैं। 'बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ' (आईएसग्लोबल) के मनोलिस कोगेविनास ने कहा, वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसमें फेफड़े का कैंसर, हृदय और श्वसन संबंधी रोग और मधुमेह शामिल हैं। कोगेविनास ने कहा, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर वायु प्रदूषकों के प्रभाव देखे गए हैं। इसलिए इस अध्ययन में हम यह निर्धारित करना चाहते थे कि क्या वायु प्रदूषण कोरोनारोधी टीकों से मिली एंटीबॉडी प्रतिक्रिया को भी प्रभावित करता है। टीम ने 40 से 65 वर्ष की आयु के 927 प्रतिभागियों के डेटा का विश्लेषण किया। इन प्रतिभागियों ने 2020 की गर्मियों और 2021 की वसंत ऋतु में एक प्रश्नावली का उत्तर दिया और रक्त के नमूने दिए। सभी स्पेन में लगाए जाने वाले कोरोनारोधी टीकों एस्ट्राजेनेका, फाइजर या मॉडर्ना की एक या दो खुराक ले चुके थे।

अनुसंधान दल ने इन लोगों में आईजीएम, आईजीजी और आईजीए एंटीबॉडी का आकलन किया। महामारी से पहले प्रतिभागी जिन-जिन जगहों पर रहते थे उसके अनुसार उनके पीएम2.5, ब्लैक कार्बन, एनओ2 और ओजोन (ओ3) के संपर्क में आने का अनुमान लगा लिया गया था। जो व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हुए थे उनमें, महामारी से पहले पीएम2.5, एनओ2 और ब्लैक कार्बन के संपर्क में आने से, टीके से मिली एंटीबॉडी में 5 से 10 प्रतिशत की कमी आई थी।

## 'हेड्स ऑफ स्टेट' में एल्बा व सीना के साथ दिखेंगी प्रियंका

लॉस एंजिल्स (भाषा)। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में हॉलीवुड अभिनेता इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ नजर आएंगी। 'डेडलाइन' की खबर के अनुसार, यह 'अमेजन स्टूडियोज़' की फिल्म है, जिसकी सीरीज 'सिटाडेल' में भी प्रियंका नजर आने वाली हैं। इल्या नाइशुलर इसका निर्देशन करेंगे। जोश एपेलबाउम और आंद्रे नेमेक ने इसकी पटकथा लिखी है। जॉन सीना ने फिल्म में प्रियंका का स्वागत करते हुए ट्वीट किया, अमेजन स्टूडियो बेहतरीन टीम बनाने के लिए शुक्रिया।

## दुनियाभर में बढ़ा कोयले का इस्तेमाल

वाशिंगटन (एपी)। ग्लोबल वार्मिंग के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार माने जाने वाले कोयले के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने के वादे के बावजूद बिजली, सीमेंट, इस्पात और अन्य चीजों के लिए 2022 में कोयले का उपयोग बढा है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। दुनियाभर में विभिन्न ऊर्जा परियोजना पर नजर रखने वाले संगठन 'ग्लोबल एनर्जी मॉनिटर' ने बताया कि कोयले के भंडार में पिछले साल 19.5 गीगावाट की वृद्धि हुई, जो एक करोड़ 50 लाख मकानों में बिजली आपूर्ति के लिए पर्याप्त है।

> ग्लोबल वार्मिंग के कारण कटौती में किया गया था वादा

रिपोर्ट के अनुसार, करीब सभी नयी कोयला परियोजनाएं चीन में शुरू हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि यह एक प्रतिशत की वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब दुनिया को जलवायु परिवर्तन से निपटने के वास्ते आवश्यक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने कोयले के भंडार में साढ़े चार गुना तेजी से कटौती करने की जरूरत है। दुनिया भर के देशों ने 2021 में ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद के लिए कोयले के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम करने का वादा किया था। इसके अनुसार, 14 देशों में नए कोयला संयंत्र बने और आठ देशों ने नयी कोयला परियोजनाओं की घोषणा की। चीन, भारत, इंडोनेशिया, तुर्किये और जिम्बाब्वे ऐसे देश हैं, जिन्होंने नए कोयला संयंत्र खोलने के साथ-साथ नयी परियोजनाओं की भी घोषणा की। जिन नयी कोयला परियोजनाओं की घोषणा की गई हैं, उनमें से 92 प्रतिशत चीन में हैं।

चीन ने 26.8 गीगावाट कोयले का इस्तेमाल बढ़ाया और भारत ने अपने बिजली ग्रिड में लगभग 3.5 गीगावाट नयी कोयला बिजली क्षमता जोड़ी। चीन ने लगभग 100 गीगावाट की नयी कोयला बिजली परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका निर्माण इस साल शुरू होने की संभावना है।

# 11 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान में पायलट के सीट के नीचे जहरीला कोबरा

जोहान्सबर्ग (भाषा)। पायलटों को वैसे तो उड़ान के दौरान बुरी से बुरी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन कॉकपिट में मौजूद सांप से निपटने का तो बिल्कुल नहीं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के पायलट रूडोल्फ इरासम्स ने इस स्थिति पर भी काबू पाने में सफलता हासिल की है।

दरअसल, जिस समय इरासम्स का विमान बीच हवा में था तब उन्हें कॉकपिट के अंदर बेहद जहरीला केप कोबरा सांप दिखाई दिया। हालांकि उन्होंने बिना घबराए आपात स्थिति में विमान को सुरक्षित रूप से उतार लिया, जिसके लिए उड़ान विशेषज्ञ उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। पिछले पांच साल से पायलट के रूप में काम कर रहे इरासम्स ने जब देखा कि कोबरा उनकी सीट के नीचे बैठा है तो उन्होंने आपा नहीं खोया। वह सोमवार सुबह एक छोटा विमान वॉर्सेस्टर से नेल्सप्रुइट ले जा रहे थे। उन्होंने 'टाइम्स लाइव' वेबसाइट पर उस संकट की स्थिति का वर्णन किया। उन्होंने कहा, सोमवार सुबह जब हमने उड़ान पूर्व प्रक्रिया की, तो वॉर्सेस्टर हवाईअड्डे के लोगों ने हमें बताया कि उन्होंने रविवार की दोपहर विंग के नीचे एक केप कोबरा पड़ा हुआ देखा था। उन्होंने इसे खुद पकड़ने की कोशिश की लेकिन दुर्भाग्य से वह इंजन के पास छिप गया। समूह ने जांच की तो सांप नहीं मिला। इसलिए उन्होंने मान लिया कि वह विमान से चला गया है।

इरासम्स ने कहा, मैं आमतौर पर यात्रा के दौरान पानी की बोतल साथ रखता हूं, जिसे मैं विमान की दीवार की ओर अपने पैर और अपने कूल्हे के बीच रखता हूं। जब मैंने कुछ ठंडा-ठंडा महसूस किया तो मुझे लगा कि मेरी बोतल टपक रही है। मैं अपनी बाईं ओर मुड़ा और नीचे देखा तो पाया कोबरा मेरी सीट के नीचे अपना सिर हिला रहा है। उन्होंने कहा, कुछ देर के लिए तो मैं सन्न रह गया था।



पायलट रूडोल्फ इरासम्स ने स्थिति पर काबू पाया और बिना घबराए आपात स्थिति में विमान को सुरक्षित उतारा

पायलट ने कहा, मैं सोच रहा था कि मुझे यात्रियों को इस बारे में नहीं बताना चाहिए, क्योंकि मैं घबराहट पैदा नहीं करना चाहता था। लेकिन तब नहीं तो थोड़ी देर बाद ही सही, उन्हें यह बताना था कि क्या हो रहा है। इरासम्स ने कहा, मैंने बस यह कहा कि सुनिए, कुछ समस्या है। विमान के अंदर सांप है। मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि वह मेरी सीट के नीचे है। लिहाजा हम जल्द से जल्द विमान को जमीन पर उतारने की कोशिश कर रहे हैं। पायलट ने कहा, विमान 11 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहा था तब मुझे अपने कूल्हे के पास कुछ ठंडा-ठंडा सा महसूस हुआ। उड़ान वेल्कम में हवाईअड्डे के करीब थी, इसलिए इरासम्स ने जोहान्सबर्ग में नियंत्रण टावर पर आपात स्थिति की घोषणा की।

पायलट ने कहा, मैंने उन्हें बताया कि विमान में एक और यात्री है। जैसे ही विमान रुका हम बाहर निकलने लगे। पीछे के तीन यात्री पहले बाहर आए और फिर मेरे साथ बैठे यात्री। उन्होंने कहा, मैं अंत में बाहर निकला और जैसे ही मैंने सीट को आगे बढ़ाया तो देखा कि वह मेरी सीट के नीचे मुड़ा हुआ बैठा है।

एरासमस ने कहा, हमने सांप को पकड़ने की कोशिश के तहत आसपास कुछ लोगों से संपर्क किया, लेकिन जब तक वे पहुंचे, सांप फिर से गायब हो गया। इंजीनियरों ने सांप को खोजने के प्रयास में विमान के कुछ हिस्सों को अलग कर दिया, लेकिन रात होने तक उन्हें सांप नहीं मिला। उन्होंने अगली सुबह भी सांप की तलाश जारी रखने का फैसला किया। इरासम्स ने कहा, उन्हें लगता है कि जब वे इंजीनियरों की प्रतीक्षा कर रहे थे, संभवत: तब सांप वहां से चला गया।

## केटीआर को लंदन में गोष्ठी में बोलने का मिला न्यौता

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** वैश्विक सलाहकार फर्म ईपीजी ने तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के टी रामा राव को 11 मई से लंदन में आयोजित होने वाले दो दिवसीय आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन के दूसरे संस्करण में बोलने के लिए आमंत्रित किया है। ईपीजी ने कहा कि हमारा मानना है कि आपकी उपस्थिति संवाद और दर्शकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य जोड़ेगी और हम विशेष रूप से तेलंगाना सरकार द्वारा आर्थिक प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए इच्छुक हैं। ईपीजी ने केटीआर को हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर पार्टी की सांसद सीमा मल्होत्रा द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया है।

## पिछले साल गिरफ्तार दो आतंकी गिरफ्त से फरार

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शराब की एक दुकान पर हमले में शामिल होने के आरोप में 2022 में गिरफ्तार किए दो आतंकवादी बुधवार तड़के पुलिस हिरासत से फरार हो गए। पुलिस ने कहा कि बारामूला पुलिस थाने में हिरासत में लिए गए दो आरोपी मारूफ नजीर सोलेह और शाहिद शौकत बाला बुधवार को तड़के सहरी के समय फरार हो गए। बारामुला पुलिस ने कहा संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। फरार हुए दोनों को कुछ दिन पहले एक अलग मामले में पूछताछ के लिए बारामूला थाने लाए थे।

## ब्राजील के स्कूल में हमला चार की मौत, चार घायल

**ब्राजील, (एजेंसी)।** ब्राजील के एक किंडरगार्टन प्रीस्कूल में हुए हमले में चार बच्चों की मौत हो गई। बुधवार को सैंटा कैटेरिना के ब्लूमेनाउ में स्थित नर्सरी स्कूल में कुल्हाड़ी लेकर एक युवक घुसा और बच्चों पर हमला बोल दिया। 25 साल के हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हमले में अन्य चार बच्चे घायल हो गए हैं। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि घायल सभी बच्चों की उम्र तीन साल से कम है। बचावकर्मियों ने बताया कि हमले के समय इस स्कूल में 40 बच्चे थे। हमलावर दीवार फांद कर अंदर आया और बच्चों पर हमला करने लगा सैंटा कैटेरिना राज्य के गवर्नर ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है।

## लद्दाख में 3.5 तीव्रता के भूकंप से हिली धरती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** गुरुवार को लद्दाख में भूकंप के झटके आए। रिहायशी इलाकों में लोग घरों से बाहर से बाहर निकाल निकल आए। हालांकि इससे किसी भी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी। ये एक तेज भूकंप था। अगर तीव्रता थोड़ी भी अधिक होती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। एनसीएससी ने कहा कि झटके सामान्य लेकिन तीव्रता कम नहीं थी। फिलहाल इससे किसी तरह की हानि का का अपडेट अब तक नहीं है। भारतीय समय के अनुसार ये भूकंप के झटके शाम 6.54 बजे महसूस हुए। भूकंप का केंद्र पृथ्वी से 10 किमी नीचे था।

## आज का इतिहास

- 1886: हैदराबाद के अंतिम निजाम उस्मान अली खान का जन्म।
- 1896: पहले आधुनिक ओलंपिक की शुरुआत हुई।
- 1917: प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1919: रोलेट एक्ट के खिलाफ शुरू किए गए सविनय अवज्ञा आंदोलन के तहत महात्मा गांधी जी ने पहली अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया।
- 1942: जापानी विमानों ने पहली बार भारत पर बम गिराए।
- 1966: भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैरकर पार किया।
- 1980: भारत की राजनीतिक पार्टी ''भारतीय जनता पार्टी'' की आज ही के दिन स्थापना हुई।
- 2009: इटली में आए 6.3 तीव्रता वाले जबरदस्त भूकंप के कारण लगभग 258 लोगों की मौत।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और अमेजन के बीच ओटीटी करार

### केंद्रीय मंत्री अनुराग के साथ एक्टर वरुण ने की शिरकत



नई दिल्ली, (ब्यूरो)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन के बीच बुधवार को अहम करार हुआ। इसके तहत अमेजन अपने ओटीटी कंटेंट में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, सत्यजीत रे टेलीविजन इंस्टीट्यूट के छात्रों को स्कॉलरशिप, इंटर्नशिप और मास्टर क्लास मुहैया कराएगा। साथ ही आजादी के 'अमृत महोत्सव' के तहत राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, दूरदर्शन और फिल्म महोत्सव को प्रदर्शित करेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अमेजन इंडिया के साथ साझेदारी कई मामलों में अद्वितीय है। इससे उद्योग और अकादमिक संबंध मजबूत होंगे।

इस दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमें ऐसा कंटेंट ओटीटी पर देना होगा, जिसे लोग सहज भाव से देख सकें। यहां यह बोलना जरूरी है क्योंकि ओटीटी प्लेटफार्म से जुड़े सभी लोग मौजूद हैं। विश्व स्तर पर भारतीय कलाकारों ने कमाया नामअनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता में लाखों कहानिया हैं, जिसे प्रदर्शित किया जाना बाकी है। हाल ही में भारतीय फिल्मों और कलाकारों ने विश्व स्तर पर ख्याति हासिल की है। केंद्रीय मंत्री ने सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों की भी चर्चा की।

### वरुण धवन बोले- अब प्रतिभाएं दुनिया के दर्शकों से जुड़ रहीं

समारोह में पहुंचे एक्टर वरुण धवन ने कहा कि भारतीय सिनेमा अब ग्लोबल हो रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नए कलाकारों को अवसर दे रहा है। वे अभी तक अलग-थलग पड़े थे, लेकिन अब वे दुनिया के दर्शकों से जुड़ सकते हैं। मैं ऐसी हर संभावना को बढ़ावा देता हूं, जिसमें हमारी प्रतिभा का हित जुड़ा हो। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि मंत्रालय और अमेजन के बीच साझेदारी से भारतीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलेंगे। वहीं, अमेजन प्राइम वीडियो के वाइस प्रेसिडेंट गौरव गांधी ने कहा कि मंत्रालय की सराहना की।

## जल जीवन के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में समस्तीपुर प्रथम

समस्तीपुर, (एजेंसी)। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय एवं पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा कराये गए जल जीवन कार्यक्रम के सर्वेक्षण के बाद जारी की गई जनवरी 2023 की राष्ट्रीय रैंकिंग में बिहार के समस्तीपुर जिले ने पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है। इस कार्य की सफलता के लिए जल शक्ति मंत्रालय ने समस्तीपुर के जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह को एक पत्र से बधाई दी है। जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने सफलता के लिए पूरी टीम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता समस्तीपुर जिले को विकास के मानचित्र पर अव्वल बनाना है।

उल्लेखनीय है कि मंत्रालय द्वारा देश स्तर पर ग्रामीण परिवारों के घरों मे नल के जल की उपलब्धता, जल की गुणवत्ता, जल की मात्रा और पेयजल से सम्बंधित शिकायतों का निष्पादन करने समेत अन्य बिंदुओं पर सर्वेक्षण कराया गया था।

# आसन के सामने आकर संसद को बाधित करना ठीक नहीं: डॉ. सिंह

### आजाद के लोकार्पण पर राजनीतिक करियर की तारीफ



नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्ण सिंह ने संसद में तीन सप्ताह से लगातार चल रहे हंगामे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सांसदों का बार बार आसन के सामने आना और सदन की कार्यवाही बाधित करना उचित नहीं है।

डॉ. सिंह ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद की पुस्तक आजादः एन बॉयोग्राफी का लोकार्पण करते हुए कहा कि संसद में हंगामा कर आए दिन सदन के बीचों बीच आना ठीक नहीं है। सदस्य बार बार कुएं में क्यों चले जाते हैं यह बात समझ नहीं आती है।

संसद ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा के लिए होती है। वहा देश के समक्ष मौजूद समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन संसद में कोई न बोलता है, न कोई सुनता है। सदस्यों को बात बात पर 'वेल' में जाना ठीक नहीं है। गुलाम नबी आजाद के राजनीतिक करियर की तारीफ कर कहा कि श्री आजाद ने विपक्ष के नेता की भूमिका प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ निभाई है।

यही नहीं कांग्रेस पार्टी में वह ऐसा नेता रहे हैं, जिन्होंने महासचिव के रूप में हर प्रांत के प्रभारी की भूमिका निभाई। श्री आजाद एक प्रभावशाली राजनेता रहे हैं और उन्होंने जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में जो काम किया है, उसको लोग आज भी याद करते हैं। श्री आजाद ने कहा कि उनके पास बहुत कुछ मैटर है और इस किताब से ज्यादा उनके पास अगली पुस्तक में लिखने के लिए बाकी बचा है। उनका कहना था कि जीवन भर वह राजनीति में व्यस्त रहे और कभी समय नहीं मिला, लेकिन कोरोना के दौरान उन्हें जो वक्त मिला उसका उन्होंने पुस्तक लिखने के लिए इस्तेमाल किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्ण सिंह ने कहा है कि उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दो दशक पहले जम्मू -कश्मीर में पार्टी का आधार मजबूत बनाए रखने की सलाह दी थी और उसी का परिणाम रहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विरोध की जबरदस्त लामबंदी के बावजूद गुलाम नबी आजाद वहां मुख्यमंत्री बने थे।

# जीवेश को मार्शल ने किया सदन से बाहर

### बिहार विस में हंगामे की भेंट चढ़ी कार्यवाही



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने कानून व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर सरकार से जवाब की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सभा अध्यक्ष ने पहले विधायक जीवेश मिश्रा को मार्शल के जरिए सदन से बाहर किया और बाद में सभा की कार्यवाही निर्धारित समय से पहले ही दो बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी ।

विधानसभा में बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में खराब विधि व्यवस्था के मुद्दे को उठाया और कहा कि 27 फरवरी से शुरू सत्र के दौरान विपक्ष ने लोक महत्व के कई गंभीर मुद्दे उठाए और उनपर सदन में चर्चा के लिए कार्यस्थगन का प्रस्ताव दिया लेकिन सरकार की ओर से किसी भी मुद्दे पर संज्ञान नहीं लिया गया ।

### अरुणाचल पर चीन के प्रयासों को अमेरिका ने किया खारिज

# दुनिया में महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है भारत से संबंध

**नई दिल्ली/वाशिंगटन ■ एजेंसी**

अमेरिका ने कहा कि उसका मानना है कि वह भारत के साथ अपने संबंधों को दुनिया में सर्वाधिक परिणामी संबंधों में से एक के रूप में देखता है और अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों यथा महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, रक्षा सहयोग, आर्थिक और दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने के 'महत्वाकांक्षी प्रयास' को और मजबूत करेंगे।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरीन जेन पियरे ने राजदूत गार्सेटी द्वारा भारत के लोगों के लिए राष्ट्रपति की ओर से दिये गये संदेश को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, '' देखिए , मैंने पहले भी कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि अमेरिका के दुनिया के साथ संबंधों में एक अहम संबध भारत के साथ संबंध हैं



और यह अब तक बादस्तूर जारी हैं। राजदूत गार्सेटी इन्हीं मजबूत संबंधों को और भी गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में भारत के साथ हमारे सहयोग को गहरा करने, हमारे रक्षा सहयोग का विस्तार करने और हमारे आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के महत्वाकांक्षी प्रयास का नेतृत्व करेंगे। भारत ने पिछले महीने लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी की भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में पुष्टि का स्वागत किया था।

### 11 स्थानों का नाम बदलने का विरोध

**नई दिल्ली/वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका ने साफ किया है कि वह अरूणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा मानता है और अरूणाचल प्रदेश के 11 स्थानों का नाम बदलकर उन्हें दक्षिणी तिब्बत बताकर एकतरफा तरीके से क्षेत्रीय बढ़त बनाने के चीन के प्रयासों का कड़ा विरोध करता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरीन जेन पियरे ने भारतीय राज्य अरूणाचल प्रदेश के 11 स्थानों को नाम बदलने के प्रयास पर अमेरिका ने कहा कि हम इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं।

# राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी सरेंडर

लखनऊ, (ब्यूरो)। राजू पाल हत्याकांड मे फरार चल रहे एक लाख का इनामी अब्दुल कवि ने बुधवार शाम लखनऊ के सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अब्दुल कवि राजू पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी भी है अब्दुल कवि राजू पाल हत्याकांड से यानि 18 वर्षों से फरार चल रहा था। यूपी पुलिस काफी समय से उसकी तालाश में छापेमारी कर रही थी।

**18वर्ष से फरार कवि सीबीआई कोर्ट पहुंचा**

पुलिस द्वारा एक के बाद एक कार्यवाही के कारण अब्दुल कवि को सरेंडर करना पड़ा। 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल हत्याकांड के बाद तालाश में 2 मार्च को पुलिस ने उसकी तालाश में उसके गांव में छापेमारी की थी। 3 मार्च को बुल्डोजर से उसका पैतृक घर गिराया गया था। उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## यूपी चुनावः हाईकोर्ट की बेंच ने मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** यूपी का निकाय चुनाव में फिर पेंच फंसने के आसार नजर आने लगे हैं। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नोटिस जारी कर पिछड़ा वर्ग आयोग की पूरी रिपोर्ट कोर्ट में तलब किया है। हाईकोर्ट ने बुधवार को दोनों पक्षों की जिरह सुनी जिसमें नगर निकाय आरक्षण को लेकर गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। निकाय चुनाव आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट में लंबी सुनवाई की गई। जस्टिस राजन रॉय और मनीष कुमार की बेंच ने सुनवाई की हाईकोर्ट ने आरक्षण का पूरा रिकॉर्ड तलब कर लिया है।

# फिनलैंड पीएम देंगी पार्टी प्रमुख पद से इस्तीफा



हेलसिंकी, (एजेंसी)। फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन ने बुधवार को घोषणा किया कि वह सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष पद से इस्तीफा देंगी, लेकिन सितंबर में होने वाले पार्टी के अगले सम्मेलन तक वह इस पद पर बनी रहेंगी। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए संसदीय चुनाव में सुश्री मारिन की पार्टी को रूढ़िवादी राष्ट्रीय गठबंधन पार्टी और दक्षिणपंथी फिन्स पार्टी के बाद तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सुश्री मारिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह संसद में एक साधारण नीति-निर्माता के रूप में बने रहने से पहले नई सरकार के गठन पर विचार-विमर्श करने हेतु अपनी पार्टी का नेतृत्व करेंगी।

उन्होंने कहा कि उनका मंत्रिमंडल गुरुवार को इस्तीफा सौंप देगा और कार्यवाहक के रूप में काम करेगा। उन्होंने फिर से पुष्टि की कि वह अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार नहीं होंगी। सुश्री मारिन ने 2019 के अंत में अपने पूर्ववर्ती एंटी रिने के इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री पद ग्रहण किया था। उस समय गठबंधन के प्रमुख सहयोगी ने श्री रिने से अपना समर्थन वापस ले लिया था। रविवार को हुए चुनाव में सबसे ज्यादा सीट प्राप्त करने वाले रूढ़िवादी राष्ट्रीय गठबंधन पार्टी के प्रमुख पेटेरी ओरपो के नेतृत्व में अगले सप्ताह फिनलैंड में नई सरकार के गठन पर बातचीत शुरू होने वाली है।

# वियतनाम एयरलाइंस मुंबई को जोड़ने वाली नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। वियतनाम एयरलाइंस 20 मई से भारत के वित्तीय केंद्र मुंबई को वियतनाम से जोड़ने वाली रोजाना एक नई उड़ान शुरू करने जा रही है। वियतनाम एयरलाइंस प्रति सप्ताह सात उड़ानों की आवृत्ति के साथ सेवा शुरू करने जा रही है।



एयरलाइन मुंबई-हनोई मार्ग पर प्रति सप्ताह 04 उड़ानें, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को और मुंबई-हो ची मिन्ह मार्ग पर प्रति सप्ताह 03 उड़ानें सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित करेगी। इस अवसर पर, वियतनाम एयरलाइंस ने वियतनाम और भारत के बीच बिना रुके सेवा के लिए विशेष किराए की घोषणा की है।

**टिकट खरीदने पर यात्रियों के लिए खास ऑफर भी**

वियतनाम एयरलाइंस के टिकट कार्यालयों और एजेंटों से टिकट खरीदने वाले ग्राहकों के लिए टैक्स और शुल्क सहित आने-जाने का टिकट 22,972 रुपए से शुरू होगा। ऑफर इस साल 28 मई तक खरीदे गए और इसी तिथि को यात्रा करने वाले टिकटों पर नियमों और शर्तों के साथ लागू होगा। नया मार्ग दोनों देशों के बीच व्यापार, सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## चैट जीटीपी के बाद इटली में अंग्रेजी बैन, बोलने पर 82 लाख रुपए का जुर्माना

**इटली, (एजेंसी)।** इटली की सरकार ने विदेशी भाषा को लेकर एक नए कानून बनाया है। इसके तहत इटली के लोग अपने देश में इंग्लिश व किसी अन्य भाषा का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। ऐसा करने पर उन्हें भारी जुर्माना लगेगा इस कानून को प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी ने पेश किया है। नए कानून के तहत, आधिकारिक संचार में अंग्रेजी और अन्य विदेशी शब्दों का उपयोग करने वाले इतालवी लोगों पर 100,000 यूरो (82,46,550 रुपए) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर कोई भी इतालवी नागरिक अपने ऑफिशियल कम्युनिकेशन के दौरान अंग्रेजी या किसी अन्य विदेशी भाषा का इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें भारी जुर्माना देना होगा। कानून को पेश करते हुए इटालियन चैंबर ऑफ डेप्युटीज में फैबियो रामपेली ने कहा कि कोई भी विदेश भाषा खासकर 'एंग्लोमेनिया' या अंग्रेजी शब्दों के इस्तेमाल पर आधारित है, जो इटालियन भाषा को अपमानित महसूस कराता है।

# मुख्यमंत्री योगी ने कहा जनता की सुनें अफसर



लखनऊ, (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों में तैनात अधिकारी लोगों की फरियाद को गंभीरता से सुनें और उनकी शिकायतों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से आए लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसमें रायबरेली, उन्नाव, बहराइच, सीतापुर कई अन्य जिलों के लोग शामिल थे। सीएम ने भी पूरी गंभीरता से उनकी बातों को सुना और अधिकारियों को कार्यवाही के आदेश दिए। जनता दर्शन में पहुंचे कई लोगों ने अपने इलाज को लेकर सीएम से सरकारी मदद की अपील की।

योगी ने भी उन्हें तत्काल राहत के लिए आश्वस्त किया। वहीं कुछ लोग ऐसे भी थे जो जमीन पर कब्जे को लेकर अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह आपराधिक घटनाओं की शिकायत पर भी सीएम ने जिलाधिकारी को मामला संज्ञान में लेने और कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कुछ लोगों ने नियुक्ति से संबंधित समस्याओं को सीएम से साझा किया तो कुछ ने जिलों में अपनी शिकायतों पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई न किए जाने की बात कही।

# इराक और कुर्दिस्तान की सरकार में तेल समझौता

बगदाद, (एजेंसी)। इराक की सरकार और अर्द्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार ने कई दिनों के अंतराल के बाद तुर्की के रास्ते कुर्द तेल निर्यात को फिर से शुरू करने के लिए मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के कार्यालय ने एक बयान में बताया कि श्री अल-सुदानी ने कुर्दिस्तान के क्षेत्रीय प्रधानमंत्री मसरौर बरजानी और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने पेशेवर भावना से सभी लंबित समस्याओं के समाधान खोजने की इच्छा व्यक्त की।

बैठक के बाद, इराकी संघीय तेल मंत्रालय और कुर्दिस्तान क्षेत्रीय प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने समझौते पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत क्षेत्र और किरकुक प्रांत से कच्चे तेल का निर्यात फिर से शुरू किया जाएगा। बाद में श्री बरजानी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में, उन्होंने कहा कि संसद द्वारा संघीय बजट के मसौदे को मंजूरी मिलने तक यह समझौता एक अस्थायी करार है। बजट मसौदा कानून स्पष्ट है तथा बगदाद और एरबिल के बीच सभी लंबित समस्याएं हल करने वाला है।

### फैसला अभी बाकी है

### मुस्लिम पक्ष की अपील पर कोर्ट ने लगाया स्टे

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी ईदगाह के अमीन सर्वे पर रोक

मथुरा, (एजेंसी)। उप्र के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी शाही ईदगाह के अमीन सर्वे पर बुधवार को रोक लग गई। अदालत ने मुस्लिम पक्ष की अपील पर ईदगाह के अमीन सर्वे के अपने आदेश को स्टे कर दिया है। अब 11 अप्रैल को अदालत इस पर सुनवाई करेगा तब तक अमीन सर्वे के आदेश पर स्टे रहेगा। केस के वादी हिंदू पक्ष ने आदेश पर निराशा जाहिर की है।

मुस्लिम पक्ष ने मंगलवार को एक बार फिर अदालत में प्रार्थनापत्र देकर अमीन सर्वे के आदेश पर रोक की अपील की थी। इस बार प्रार्थनापत्र के साथ सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की रूलिंग भी दाखिल की गई थी। अदालत ने बहस सुनने के बाद पत्रावली को ऑर्डर के लिए रिजर्व कर लिया था। वहीं, सर्वे के लिए नियुक्त अमीन



शिशुपाल यादव ने संवेदनशील मामले को देखते हुए अदालत से सुरक्षा की दरख्वास्त की दी थी। इस पर अदालत ने गोविंद नगर पुलिस को अमीन की सुरक्षा के आदेश दिए हैं। शाही मस्जिद ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सचिव व अधिवक्ता तनवीर अहमद, यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता जीपी निगम ने कोर्ट में अमीन सर्वे पर रोक का प्रार्थना पत्र दाखिल करते हुए कहा कि कोर्ट में पहले पोषणीयता के प्रार्थना पत्रों को ही सुनवाई के लिए कहा गया था। इसके बाद भी अमीन निरीक्षण का आदेश जारी कर दिया है।

यह आदेश किसी भी सूरत में न्याय संगत नहीं है और न्यायालय को गुमराह करके कराया गया है। मुस्लिम पक्ष ने तर्कों में कहा कि वादी द्वारा 13.37 एकड़ जमीन की सीमाएं भी नहीं खोली हैं। जिस जमीन की सीमाएं स्पष्ट नहीं हैं, उसका अमीन निरीक्षण किस आधार पर और कैसे हो सकता है। एक अन्य वादी महेंद्र प्रताप सिंह के वाद में सिविल जज सीनियर डिवीजन के पोषणीयता पर पहले सुनवाई के आदेश की प्रति भी लगाई।

## सुप्रीम कोर्ट ने हटाया केंद्र का चैनल पर लगा प्रतिबंध, कहा-सत्ता के समक्ष सच बोलना प्रेस का कर्तव्य

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने मलयालम न्यूज चैनल मीडिया वन पर राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर प्रसारण नवीनीकरण पर प्रतिबंध लगाने वाला केंद्र सरकार का फैसला बुधवार को रद्द करते हुए कहा कि सत्ता के सामने सच बोलना प्रेस का कर्तव्य है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने मीडिया वन पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के आदेश पर मुहर लगाने वाले केरल उच्च न्यायालय का फैसला पलटते हुए कहा कि प्रेस का कर्तव्य है कि वह सत्ता से सच बोले और नागरिकों को तथ्यों के बारे में सूचित करे। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली' मीडिया वन 'की याचिका पर सुनवाई के बाद अपने फैसले में कहा कि बिना किसी ठोस सबूत के राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर मीडिया पर प्रतिबंध प्रचलित कानून के खिलाफ है। पीठ ने मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की आलोचना का यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि वह (मीडिया संस्थान) सरकार के खिलाफ है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाया शिविर सैकड़ों ने उठाया लाभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।यह खास दिन लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करता है। इस साल 'हेल्थ फॉर ऑल' थीम के साथ यह स्पेशल दिन सेलिब्रेट किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने का निर्देश शासन के द्वारा प्राप्त हुआ था। उसी के क्रम में शासन के निदेर्शानुसार आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के राजापुर ग्राम सभा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर के सुहवल ग्राम सभा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जहां पर भारी संख्या में लोग पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद और रेवतीपुर के अधिक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में शुक्रवार को सुहवल और राजापुर ग्राम सभा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनप्रतिनिधियों के देखरेख में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में टीबी, कुष्ठ रोग , संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वायरल बुखार के



साथ ही दाद खाज खुजली के कैंप लगाने के साथ ही साथ आयुष्मान कार्ड के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के बीपीएम संजीव कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में कुल 284 व्यक्तियों का उपचार एवं परामर्श किया गया। जिसमें सामान्य बुखार, सर्दी जुखाम, दर्द , कमजोरी, चर्म रोग , आंखों की समस्या, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं परामर्श के साथ ही परिवार नियोजन पर सलाह बास्केट आप चॉइस, जन्म एवं मृत्यु दर पर जानकारी , स्तनपान , विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ आने वाले दिनों में चलने वाले दस्तक अभियान के बारे में भी लोगों को बताया गया। स्वास्थ्य शिविर में 86 लोगों का ब्लड जांच किया गया एवं आए हुए लोगों को उचित परामर्श एवं दवा भी निशुल्क वितरित किया गया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर की बीपीएम बबीता सिंह ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में सुहवल शिवाला में जिसमें टीबी, कुष्ठ रोग, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वायरल बुखार, दाद खाज खुजली, आयुष्मान कार्ड को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। स्वास्थ्य शिविर में करीब 350 मरीजों ने इसका लाभ उठाया एवं निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि इस कैंप में आए हुए लोगों का निशुल्क जांच, जिसमें शुगर , बीपी के साथ ही टीबी के मरीजों का बलगम भी लिया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया वर्तमान समय में स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। रेवतीपुर के स्वास्थ्य शिविर में डॉ अनिल कुमार सिंह, सरिता कुमारी, नेहा राय, अरविंद कुमार, हर्ष वर्धन राय मौजूद रहे । जबकि राजापुर के स्वास्थ्य शिविर में श्रीमती रीना, फुलकुमारी, हनुमंत ,आशा सिंह, रंजना के साथ ही फार्मासिस्ट भजनलाल, उमेश चंद्र सिंह, चिकित्सक डॉ प्रवीण प्रकाश, सीएचओ नेहा यादव, अर्चना राय, दीक्षा राजपूत, राजू व अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीएन पब्लिक स्कूल में मनाया गया बच्चों का सम्मान समारोह

प्रखर पटहेरवा। पटहेरवा क्षेत्र के महुअवा स्थित पी एन नेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार के दिन बच्चो का सम्मान समारोह मनाया गया।कार्यक्रम में कक्षा एक से बारह तक के मेधावी क्षात्रों को स्कूल प्रबन्ध समिति की तरफ से सम्मानित किया गया इस दौरान गार्जियन व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। क्षेत्र के सी बी एस सी बोर्ड से संचालित पी एन नेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चो के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी बच्चो में सभी पैरामीटर में जैसे बेस्ट रिजल्ट बेस्ट अटेडेंस व बेस्ट डिसिप्लिन पर लष्मी द्विवेदी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर से नवाजा



गया साथ ही हर क्लास में बेस्ट रैंकर्स बच्चो को ट्राफी मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस साल बोर्ड परीक्षा में शामिल होकर स्कूल छोड़कर जाने वाले बच्चो को भी प्रबन्ध समिति ने सम्मानित किया। स्कूल के बेस्ट टीचर का अवार्ड अरुण शर्मा को दिया गया। कार्यक्रम में आये बच्चो के गार्जियन शैलेन्द्र पति तिवारी कहा कि स्कूल के शिक्षकों व स्कूल प्रबन्ध समिति इस तरह का आयोजन करने से बच्चो का मनोबल बढ़ता है।स्कूल की प्रिंसिपल पुष्पा सिंह व प्रबन्धक ओ पी सिंह ने सभी आगन्तुको के प्रति आभार जताया।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो शातिर चोर पुलिस के गिरफ्त में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे जनपद में हो रहे अपराध को रोकने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह चौकी प्रभारी शाहनिन्दा थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर मय हमराही देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित अपराधी व रोकथाम जुर्म जरायम मे मामूर होकर सलेमपुर तिराहे पर पहुँचे जहाँ पर कस्बा चीता के कर्मचारीगण के साथ मुखबीर की सूचना पर कस्बा मोहम्मदाबाद मे अजय कुमार गुप्ता व अन्य दुकानदारों के दुकानों का ताला तोड़कर दि0 03 अप्रैल 23 की रात मे किशमिश व रुपये चोरी किये थे। तथा उनका सी0सी0टी0वी0 का फुटेज पुलिस ने देखा था चोरी करने वाले दोनो लोग उसरी चट्टी की तरफ से आ रहे है जो मोटरसाइकिल से थे तथा नोनहरा जाने वाली सड़क से कही भागने के फिराक मे थे। हमराही कर्मचारीगणों को मकसद गिरफ्तारी व बरामदगी से अवगत कराते हुए मुखबीर खास को साथ लेकर पुलिस वाले अपनी मोटरसाइकिलों से नवापुर से नोनहरा जाने वाली रोड पर मीरगंज क्रासिंग रेलवे के पास पहुँच कर मोटर साइकिलों को कुछ दूरी पर बने दुकानो व मकानों के अगल बगल छुपा कर आने वाले व्यक्ति का इन्तजार करने लगे कि एक मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हे उजाली रात्रि व सड़क के किनारे लगे बल्बों की रोशनी मे दूर से ही देखकर मुखबीर खास ने बताया कि यह वही लोग है जिनके सम्बन्ध मे मैने बताया था और मुखबीर खास मौके से हट बढ गया कि हम पुलिस वाले मीरगंज क्रासिंग पर ही समय करीब 12.45 बजे रात्रि मे दोनो लोगो को मय मोटरसाइकिल के पकड़ लिया पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम विक्की राम पुत्र स्व0 अशोक राम उम्र 28 वर्ष नि0 जकरौली थाना मु0बाद जनपद गाजीपुर बताया तथा दूसरे ने जो मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा था अपना नाम अर्जुन नोनिया पुत्र राजेन्द्र नोनिया नि0 रेहारी थाना चंदवक जनपद जौनपुर बताया जामा तलाशी से अभियुक्तगण के पास से एक प्लास्टिक के झोले मे चोरी के 05 कि0ग्रा0 किशमिश व 1495 रुपये, सिक्के बरामद हुये, बरामदशुदा किशमिश व सिक्को के सम्बंध मे पकडे गये दोनो व्यक्तियों से पूँछा गया तो पहले तो टाल मटोल कर रहे थे थोड़ा कड़ाई से पूँछने पर दोनो पकडे गये व्यक्तियों ने बताया कि हम दोनो 3 अप्रैल 23 की रात्रि मे कस्बा मु0बाद मे खटिया मण्डी यूसुफपुर मु0बाद गाजीपुर मे कई दुकानों का ताला तोड़ा था। कुछ मोटरसाइकिलों की आहट पाकर हम दोनो एक दुकान से किशमिश की पेटी व एक दुकान से कुछ सिक्के लेकर छुप छुपाकर भाग गये थे।

## चोरों ने गला दबाकर की अधेड़ महिला की हत्या

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानिया कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बाजार में चोरी की नियत से अज्ञात बदमाशों ने कमरे में सो रही महिला की गला दबाकर हत्या कर दी, साथ ही महिला के शरीर पर पहने हुए लगभग 1 लाख के जेवर लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार जमानिया कोतवाली अंतर्गत कस्बा बाजार के वार्ड नंबर 19, दुर्गा चौक स्थित बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे में सो रही महिला अनीता वर्मा उम्र 45 साल की गला दबाकर हत्या कर दी। साथ ही उसके पहने हुए 1 लाख रुपए के सोने के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। घटना की जानकारी होते ही पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया तथा मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के मामले में पति नंद कुमार ने अज्ञात के खिलाफ हत्या और लूट की तहरीर दी है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य



भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी लेने में जुट गए, तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ मौके पर पहुंच गए साथ ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंचकर घर के हर हिस्से से साक्ष्य एकत्र करने में जुट गई।फिलहाल फॉरेंसिक टीम को लूट व हत्या के मामले में कोई ठोस सुबूत नहीं मिल सका है। मृतिका के पति नंद कुमार ने बताया घटना के समय उसकी पत्नी घर पर अकेली थी जबकि वह करंडा क्षेत्र में खुद की दुकान के लिए सामान लेने बाहर गया था। वह बताया की दोपहर में मोबाइल के द्वारा पत्नी से बात भी हुई थी। मृतिका को 2 पुत्र व 2 पुत्रियां हैं जो वाराणसी में रहकर पढ़ाई करते हैं। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य ने बताया की घटना में मिले तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ हत्या व लूट का मुकदमा दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है। जल्दी ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी नगर निगम चुनाव में पूरे दमखम से उतरेगी : नित्यानंद पांडे

प्रखर वाराणसी। चांदमारी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नित्यानंद पांडे ने कहा कि इस बार नगर निगम चुनाव में हमारी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में अपना प्रत्याशी उतारेगी और ज्यादा से ज्यादा सीट पर जीत हासिल करेगी। एक सवाल का जवाब देते हुए कहां की हमारी पार्टी के



सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि आप सभी तो जानते ही हैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी 1 दिन में कम से कम 4 से 500 किलोमीटर का सफर तय करते हैं और अपने सभी कार्यकताओं व जनता से मिलते जुलते रहते हैं उनकी हर एक समस्या को सुनते हैं और उसको तत्काल हल कराने का प्रयास करते हैं। पत्रकारों ने सवाल पूछा कि क्या आने वाले 2024 में पार्टी किसी से गठबंधन करेगी या नहीं तो उस पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने जवाब देते हुए बताया कि यह काम हमारी पार्टी का है जो आदेश होगा वही हम सभी को मान्य होगा तो अभी हम गठबंधन को लेकर कोई बात नहीं कर सकते हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पूर्वांचल अध्यक्ष आनंद तिवारी उर्फ राजू तिवारी ने बताया कि हमारी पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत हुई है और इस बार चुनाव में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। एक सवाल के जवाब में राजू तिवारी ने बताया कि हमारी पार्टी जो कहती है उसको पूरा करती है और उसकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं होता है हमारी पार्टी की सबसे पहली प्राथमिकता यही हैं कि जिस मोहल्ले में नाली खड़ंजा सड़क पानी बिजली सीवर जैसी गंभीर समस्याओं का त्वरित समाधान कराना। राजू तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि चुनाव इन्हीं चार मुद्दों पर होते हैं जैसे स्वास्थ शिक्षा रोजगार पर्यावरण हमारी पार्टी भी इन्हीं मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी।

## 44वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। रामपुर स्थित श्रीराम एकेडमी मे बुथ संख्या 356 पर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर पुष्पांजलि करते हुए पार्टी का 44वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया' जिसमे सभी पादाधिकारी विभिन्न बूथों पर प्रभारी के रूप में लगाये गए तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने बूथ संख्या 356 पर




बूथ अध्यक्ष हरिकेश सिंह के साथ झंडा रोहण करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुना जिसमें उन्होंने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का सम्पूर्ण जीवन देश की संस्कृति और देश के हित को समर्पित रहा। पंडित दीनदयाल जी विकास की पंक्ति में अंतिम खड़े व्यक्ति को पंक्ति में खड़े पहले व्यक्ति के समकक्ष लाना चाहते थे। उन्होंने एकात्म मानववाद का जो दर्शन दिया वह न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया की समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है। पंडित जी के विचार आज भी शास्वत हैं और उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस वक्त थे। ऐसे महान देशभक्त व उत्कृष्ट संगठनकर्ता के मार्गदर्शन को हम सभी कार्यकताओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है प्रमुख बूथो पर कार्यक्रम कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह सभसद नंद लाल चौहान विनोद कुमार पटेल सुनील गुप्ता सुनील श्रीवास्तव महेश पटेल पंकज बारी संजय बाल्मीकि श्याम जी प्रजापति निक्की सिंह कन्हैया लाल श्रीवास्तव कवींद्र चौहान प्रमोद बघेल अभिषेक सिंह आशीष चौहान कंचन निशाद राजन पाठक सुमित शर्मा वीरेंद्र मौर्या शीतल प्रजापति गजानन तिवारी भैया लाल सोनकर हरिशंकर द्विवेदी सभी ने अपने अपने घरों पर झंडा फरहाया ।

## दशाश्वमेघ घाट पर लगाया गया चेंजिंग रूम व अर्पण कलश

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मां गंगा के तट दशाश्वमेघ घाट पर जहां दैनिक आरती होती है पंडित पुजारी लोग चौकी छतरी लगा कर पूजा कराते है जहां गंगा जी मे लोग निर्माल्य कचरा डालते है वहां पर गंगा हरीतिमा अभीयान के अग्रदूत एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं रोमा बिल्डर्स के निदेशक आकाश जी के आगुवाई में बिशाल प्रोट्कशन फोर्स की मदद से अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन सीआरपीएफ के देखरेख में एवं सृजन संस्था के सदस्यों तथा भाजपा के पदाधिकारियो द्वारा एक चेंजिग रुम और 3 अर्पण कलश रखे गये जिसके मुख्य अतिथि मंत्री दयाशंकर मिश्रा स्वतंत्र प्रभार आयुष मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार व उपस्थित ब्राह्मण द्वारा वैदिक मंत्रो चारण के साथ अर्पण कलश



रखकर अपने कर कमलो द्वारा फूल माला कचरा को डाल महिला चेजिग रुम को रखवाया` जिसमे विशिष्ट अतिथि विद्यासागर राय भाजपा महानगर अध्यक्ष गंगा समग्र के प्रमुख अम्बरीश जी सिंह ने सभी को गंगा जी के प्रति जागरूक आशीर्वचन भी दिया एवं 95 बटालियन के महेन्द्र मिश्रा उप कमांडेंट ने सभी दर्शनार्थियो को जागरुक करते हुए मां गंगा को स्वच्छ बनाने की अपील किया गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह ने सभी को स्वच्छता, पर्यावरण की शपथ दिलाकर हर घाट पर अर्पण कलश एवं चेजिगं रुम रखने की बात कही तथा मुख्य अतिथि द्वारा विशाल प्रोटक्शन फोर्स के जी एम जय प्रकाश सिंह, डिप्टी कमान्डेट महेन्द्र मिश्रा एवं अनिल कुमार सिंह, रोमा बिल्डर्स के निदेशक आकाश जी, त्रिदेव ग्रुप के निदेशक प्रशांत केजरीवाल, अम्बरीश जी, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी रामसकल यादव को सम्मानित किया जिसमे मुख्य रूप से सीआरपीएफ के प्रवीण सिंह पूरी टीम के साथ 95 बटालियन के कैमरामैन हितेश कुमार ने पूरी लगन से अपने कार्य को अंजाम तक पहुंचाया। जगन्नाथ ओझा, सुधीर सिहं दिवेन्दु सिहं एवं भाजपा के संतोष सैनी गौरव राठी, कौशल मिश्रा, सौरभ पाठक, जय विश्वकर्मा, अरुण पांडेय, सागर सौरभ राय, मदनलाल चौरसिया आदि लोगों ने भागीदारी निभाई। जय मां गंगे, जय हिन्द जय भारत जय के उद्घोष से अस्सी घाट गूंज उठा।

## जिला अधिकारी के देखरेख में बवेडी गांव में हुआ क्रॉप कटिंग



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के ऑकड़े तैयार किये जाते है जिससे उत्पादन की सटीक आकलन प्राप्त की जाती है। क्राप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टि, भारी वर्षा एंव अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इसी सिलसिले में आज जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिति में ग्राम बबेड़ी के निवासी चंद्रिका राम के खेत का क्रॉप कटिंग कराया गया। जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा एवं भू-अभिलेखो की जांच करते हुए काश्ताकार से बोए हुए फसल की जानकारी ली। क्रॉप कटिंग 43.3 वर्ग मीटर की गई जिसमें 9.980 गेहूं निकला। इस क्रम कुल टोटल की दर से 23.04 कुंतल प्रति हेक्टेयर इस क्राफ्ट कटिंग के दौरान गेहूं निकला। जिलाधिकारी ने किसानो को अपने नजदीकी क्रय केन्द्रो पर बेचने की सलाह दी जिससे के उन्हे अपने फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होने किसान बन्धु से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे न आये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानो से अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की अपील की। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, सदर तहसीलदार एवं लेखपाल मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गोवर्धन पूजा समिति को विस्तार दिया जाए हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी : विनोद यादव उर्फ गप्पू



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विशेश्वरगंज क्षेत्र स्थित अपने आवास पर गोवर्धन पूजा समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद यादव उर्फ गप्पू ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि अध्यक्ष बनने के बाद हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी गोवर्धन पूजा समिति को विस्तार दिया जाए`अपने यादव समाज को एकजुट कर एक धागे में पिरोने का पूरा प्रयास रहेगा तथा समाज के हित के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा साथ हीं बताया की वह गरीब, असहाय लोगों के मदद के लिये हमेशा खड़े रहेंगे और जिस चीज की आवश्यकता होगा पूरा किया जाएगा।

### आदर्श चौबे बाबू को पूर्वी उत्तर प्रदेश का को-ऑर्डिनेटर व विकाश कौण्डिन्य को को-ऑर्डिनेटर सोशल मीडिया विभाग का बनाया गया



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आदर्श चौबे को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश का को-ऑर्डिनेटर बनाया गया कहा की मैं पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वचनों को जन जन तक पहुचने का पूरा प्रयास करूंगा` पूर्व में भी कई जिम्मेदारी सौंपी गई थी उन्होंने उत्तरी विधानसभा सचिव जन सूचना प्रकोष्ठ महानगर सचिव युवा कांग्रेस मंडल को-ऑर्डिनेटर प्रदेश सचिव प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया में कार्य कर चुके हैं` बधाई देने वालो में पंखुड़ी पाठक प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय,पूर्व सांसद डॉ राजेश मिश्रा,वरिष्ठ नेता सतीश चौबे, राघवेंद्र चौबे,राजेश्वर पटेल, दिलीप चौबे, मनीष चौबे, मयंक चौबे, रोहित दुबे,चंचल शर्मा,परवेज खान आदि लोग शामिल रहे।

### डायट प्राचार्य द्वारा शिक्षकों का सम्मान



प्रखर डेस्क । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सैदपुर,जनपद-गाजीपुर के प्राचार्य उदय भान द्वारा अर्चिता सिंह ,सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटघरा,क्षेत्र - मनिहारी,गाजीपुर को शैक्षिक सत्र 2021-2022 व 2022-2023 में जनपद स्तर पर विज्ञान विषय (आर्ट क्राफ्ट व पपेट्री) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व आदर्श पाठ योजना विज्ञान विषय प्रतियोगिता में 2021-2022 व 2022-2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर डायट परिसर स्थित सभागार में सम्मान स्वरूप प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया।जनपद गाजीपुर के अन्य शिक्षकों को भी विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

### बूथ स्तर तक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन 8 को



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी संगठन के 73 लोकसभा जौनपुर 74 लोकसभा मछलीशहर के संगठन के बूथ गठन प्रभारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक लालजी वर्मा का आगमन 8 अप्रैल शनिवार को हिन्दी भवन में 10 बजे दिन में समाजवादी पार्टी द्वारा बूथ गठन हेतु समाजवादी पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि पूर्व जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेताओं एंव बूथ स्तर तक कार्यकर्ता बैठक आयोजित किया गया है। यह जानकारी निवर्तमान प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी ने दिया।

### नामांकन बढ़ाओ अभियान गोष्ठी सकुशल सम्पन्न



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के सरौनी पूरब पट्टी गाँव के प्राथमिक विद्यालय कन्या के प्रांगण में नामांकन बढ़ाओ अभियान के रैली का शुभारम्भ पूर्व विधायक दिनेश चौधरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर गोरखनाथ पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षाधिकारी केराकत मुकेश कुमार के द्वारा की गयी। इस दौरान प्रधानाध्यापक सन्तोष सिंह, कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ केराकत के ब्लाक अध्यक्ष संजय सिंह, ब्लाक महामंत्री सुशील सिंह, ब्लाक संयुक्त मंत्री सन्तोष राजभर,ब्लाक कोषाध्यक्ष धीरज सिंह कश्यप, ब्लाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालचन्द यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष विकास सिंह, प्रदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विजय प्रताप सिंह, अरविन्द सिंह भैने, अतुल सिंह, अरविंद सिंह, सुमित सिंह, अशोक कुमार पाल, देवेन्द्र पाठक, मनीष शुक्ला ,सुनील यादव, अखिलेश यादव एवं समस्त ए.आर.पी गण व शिक्षक संकुल के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लईक अहमद के द्वारा किया गया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं